राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 09 अंकः 66 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- मैंने एक दोस्त नाजिम के साथ मेमोरेबल सेल्फी ली। नाजिम जो काम कर रहे हैं, उसने मुझे बहुत प्रभावित किया।

## भारतीय नौसेना ने हूती अटैक के शिकार जहाज को बचाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** नौसेना ने एक बार फिर से अदन की खाड़ी में एक कॉमर्शियल जहाज को रेस्क्यू किया है। नेवी के मुताबिक बारबाडोस के फ्लैग वाले लाइबेरिया के जहाज पर हूती विद्रोहियों ने मिसाइल से हमला किया था। इसके बाद जहाज में आग लग गई। इस दौरान 3 क्रू मेंबर्स की मौत हो गई और 6 लोग घायल हुए। भारतीय नौसेना ने इस जहाज पर मौजूद 21 लोगों को बचा लिया है। इनमें से एक भारतीय है। 'ट्रू कॉन्फिडेंस' नाम के जहाज पर 6 मार्च को हमला हुआ था। ये हूती विद्रोहियों का पहला ऐसा हमला है जिसमें लोगों की जान गई है। नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने इस रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी दी। उन्होंने कहा- जहाज पर हुए हमले की जानकारी मिलने के बाद क्व्हर कोलकाता को रवाना किया गया था। इस पर मौजूद हेलिकॉप्टर और बोट की मदद से लोगों को बचाया गया। घायलों का इलाज मेडिकल टीम कर रही है।

**लाल सागर में हूतियों के हमले के बाद जहाज डूबाः** 2 मार्च को लाल सागर में लगातार हो रहे हूतियों के हमलों के बीच पहली बार कोई जहाज डूब गया था। हूती विद्रोहियों ने 18 फरवरी को बाब-अल मंडब स्ट्रेट में रूबीमार नाम के जहाज पर मिसाइल से अटैक किया था। इसके बाद जहाज के क्रू मेंबर्स को ब्रिटिश मिलिट्री ने रेस्क्यू किया। मीडिया हाउस इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक रूबीमार एक ब्रिटिश जहाज था। इस पर बेलीज का फ्लैग लगा हुआ था। हूतियों ने जब इस पर हमला किया तब यह यमन के मोखा पोर्ट से करीब 27.78 किमी की दूरी पर था। पिछले 12 दिनों से यह उत्तर की तरफ बढ़ रहा था, लेकिन लाल सागर में तूफान और खराब मौसम की वजह से जहाज डूब गया।

**भारत का 80% व्यापार समुद्री रास्ते सेः** इजराइल-हमास जंग के बीच फिलिस्तीनियों के समर्थन में हूती विद्रोही लगातार लाल सागर और अरब सागर में जहाजों पर हमला कर रहे हैं। इसकी वजह से कई जहाज अपना रास्ता भी बदल रहे हैं। इन हमलों का असर भारत पर भी पड़ रहा है। हूतियों ने कई बार भारत आ रहे जहाजों या फिर भारतीय क्रू वाले जहाजों पर हमला किया है। ग्लोबल ट्रेड का करीब 12% और 30% कंटेनर ट्रैफिक हर साल लाल सागर के स्वेज कैनाल से होकर गुजरता है। हूती विद्रोहियों के हमलों से यूरोप और एशिया के बीच मुख्य मार्ग पर अंतरराष्ट्रीय व्यापार को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भारत का 80% व्यापार समुद्री रास्ते से होता है।


वहीं 90% ईंधन भी समुद्री मार्ग से ही आता है। समुद्री रास्ते में हमले से भारत के कारोबार पर सीधा असर पड़ता है। इससे सप्लाई चेन बिगड़ने का खतरा है। हूतियों से निपटने के लिए अमेरिका ने करीब 10 देशों के साथ मिलकर एक गठबंधन भी बनाया है, जो लाल सागर में हूतियों को रोकने और कार्गो शिप्स को हमले से बचाने का काम कर रहा है।

### आदर्श विचार



"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।"
भागवद्

### मन की बात



"दिल और दिमाग के टकराव में दिल की सुनो।"
स्वामी विवेकानंद

# विपक्ष ने 370 के नाम पर गुमराह किया: पीएम

### पीएम मोदी ने बख्शी स्टेडियम की सभा में कहा- ये नया जम्मू-कश्मीर है, इसका दशकों से इंतजार था।, यह वो जम्मू-कश्मीर है, जिसके लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दियाः पीएम

**विकास कार्य**

8 6400 करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया। 1000 युवाओं को जॉब लेटर भी दिए





**टीम एक्शन इंडिया**

**श्रीनगरः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार (7 मार्च) को जम्मू-कश्मीर दौरे पर पहुंचे। उन्होंने श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में 'विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर' कार्यक्रम के तहत 6400 करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया। 1000 युवाओं को जॉब लेटर भी दिए। इसके बाद युवा उद्यमियों से उनकी कामयाबी के किस्से और समस्याएं सुनीं। पीएम मोदी ने बख्शी स्टेडियम की सभा में कहा- ये नया जम्मू-कश्मीर है। इसका दशकों से इंतजार था। यह वो जम्मू-कश्मीर है, जिसके लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया। इसकी आंखों में भविष्य की चमक है। चुनौतियों को पार करने का हौसला है। आज ये खुलकर सांस ले रहा था। धरती के स्वर्ग पर आने का एहसास शब्दों से परे है। पीएम मोदी ने कहा- जम्मू-कश्मीर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का भुक्तभोगी रहा है। यहां ख&ङ बैंक में अपने नाते-रिश्तेदारों और भाई-भतीजों को भरकर इन परिवारवादियों ने बैंक की कमर तोड़ दी थी। हमने बैंक को एक हजार करोड़ की मदद देना तय किया। जो डूबने वाला बैंक था, आज उसका मुनाफा 1700 करोड़ रुपए तक पहुंच रहा है। कांग्रेस और उसके साथियों ने दशकों तक 370 के नाम पर जम्मू-कश्मीर और देश को गुमराह किया। आज जम्मू-कश्मीर में सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं। अकेले 2023 में ही 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक यहां आए। श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में गुरुवार को प्रधानमंत्री की जनसभा से पहले सुबह बड़ी तादाद में लोग जाते दिखे।

### '370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर खुलकर सांस ले रहा'

**पीएम ने** कहा- जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज खुलकर सांस ले रहा है। यह 370 हटने के बाद हुआ। दशकों तक कांग्रेस और उसके साथियों ने 370 के नाम पर जम्मू-कश्मीर और देश को गुमराह किया। इससे फायदा जम्मू-कश्मीर को था या सिर्फ कुछ राजनीतिक परिवारों को था, यह आज जनता जान चुकी है। आज 370 नहीं है इसलिए यहां युवाओं की प्रतिभा का पूरा सम्मान हो रहा है, उन्हें नए अवसर मिल रहे हैं। पीएम मोदी ने पर लिखा- मैंने एक दोस्त नाजिम के साथ मेमोरेबल सेल्फी ली। नाजिम जो काम कर रहे हैं, उसने मुझे बहुत प्रभावित किया।

### मैं 2014 से आपका दिल जीतने की कोशिश कर रहा हूं: पीएम मोदी

**पीएम** मोदी ने कहा- आपके इतनी बड़ी तादाद में आने से मैं जितना खुश हूं, उतना ही कृतज्ञ हूं। प्यार के इस कर्ज को चुकाने में मोदी कोई कसर नहीं छोड़ेगा। 2014 के बाद से मैं जो मेहनत कर रहा हूं, आपका दिल जीतने की कोशिश कर रहा हूं। देख रहा हूं कि कोशिश सही दिशा में जा रही है। ये मोदी की गारंटी है यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी। पीएम मोदी ने बख्शी स्टेडियम की सभा में कहा- धरती के स्वर्ग पर आने का अहसास शब्दों से परे है। प्रकृति का ये अनुपम स्वरूप, ये हवा, ये वातावरण और आप कश्मीरी भाई-बहनों का इतना सारा प्यार। स्टेडियम के बाहर भी जम्मू-कश्मीर के लोग मौजूद हैं। मैं अभिनंदन करता हूं। ये वो नया जम्मू-कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था।

## संदेशखालीः सीएम के संरक्षण में महिलाओं का हो रहा शोषणः स्मृति

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नारी शक्ति को केन्द्र में रखकर देश के विकास की बात करते हैं तो दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में राज्य की महिला मुख्यमंत्री के संरक्षण में ही महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के संरक्षण में लोग महिलाओं की उम्र और धर्म के आधार पर पहचान कर उनका शोषण करते हैं। न्यायपालिका का आभार व्यक्त करते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि अब पीड़ित महिलाओं को न्याय मिलेगा। वे गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में विकसित भारत। एम्बेसडर समारोह के बाद मीडिया से बातचीत कर रही थी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के दो सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलों पर केंद्रीय मंत्री और अमेठी से भाजपा सांसद स्मृति ईरानी ने कहा , 'जो लोग कहते हैं कि अमेठी गांधी परिवार का गढ़ है, उन्हें उम्मीदवार घोषित करने में इतना समय क्यों लग रहा है?

### तीसरी आंख




## किसी पर हमला नहीं करेंगेः राजनाथ



**मुंहतोड़ जवाब**

8 एक इंच जमीन भी नहीं छीनेंगे, धरती-आसमान-समुद्र से अटैक हुआ तो मुंहतोड़ जवाब देंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राजनाथ सिंह ने गुरुवार (7 मार्च) को कहा कि हम किसी भी देश पर हमला नहीं करेंगे। किसी की एक इंच जमीन भी नहीं लेंगे। अगर भारत पर समुद्र (जल), धरती (थल) या आसमान (नभ) के रास्ते हमला होता है तो हम मुंहतोड़ जवाब देने की स्थिति में हैं। रक्षामंत्री ने ये भी कहा कि हम किसी भी समय, शांतिकाल में भी युद्ध के लिए तैयार हैं। नरेंद्र मोदी सरकार भारत और भारतीयों की क्षमताओं पर भरोसा करती है, जबकि पहले की सरकारें इस मुद्दे पर उलझन में रहती थीं। राजनाथ ने ये बातें पाकिस्तान और चीन के संदर्भ में कहीं, लेकिन उन्होंने भाषण में दोनों देशों का जिक्र नहीं किया। 2019 में पुलवामा हमले के बाद से भारत ने पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंध (डिप्लोमैटिक रिलेशन) खत्म कर दिए हैं। वहीं, चीन के साथ लंबे समय से लद्दाख और पूर्वोत्तर (सिक्किम, अरुणाचल) में विवाद बना हुआ है। जून 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी सैनिकों की घुसपैठ रोकने की कोशिश में भारत के 20 जवान शहीद हो गए थे। रक्षामंत्री ने कहा कि हमने डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री अफेयर्स से लेकर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ का गठन किया है। कई हथियार अब भारत में बनाए जाने लगे हैं, जिसकी लंबी लिस्ट है। इस आत्मनिर्भरता से रक्षा क्षेत्र मजबूत हुआ है।




## 'केंद्र में आए तो देंगे 30 लाख नौकरियां'



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुरः** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुरुवार दोपहर राजस्थान में प्रवेश कर गई। यात्रा ने रतलाम (मध्य प्रदेश) के सैलाना से बांसवाड़ा के दानपुर में प्रवेश किया। राहुल राजस्थान के बॉर्डर तक खुली जीप में पहुंचे। रोड शो के बाद कॉलेज मैदान में हुई जनसभा में राहुल ने कहा कि राजस्थान की सरकार को 60 से 70 लोग चलाते हैं लेकिन उनमें आपको एक आदिवासी नहीं मिलेगा। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार में आने के बाद हमारा पहला काम होगा वंचितों को 30 लाख नौकरियां देना होगा। जनसभा में राहुल का हल देकर स्वागत किया गया। पेपर लीक पर राहुल ने कहा कि एग्जाम के दिन पता लगता है कि पेपर लीक हो गया। जिनके पास धन है, वे पेपर चुरा लेते हैं और हमें कहा जाता है कि पेपर लीक हो गया। अब आपको नौकरी नहीं मिलेगी। ऐसा सभी भर्तियों में होता है। हम पेपर लीक के खिलाफ कानून लाएंगे। इसमें हम एग्जाम दिलवाने का तरीका बदलेंगे। प्राइवेट कंपनियों के ठेके बंद कर पेपर सरकारी एजेंसी से ही छपवाया जाएगा। यदि इसके बाद भी पेपर लीक हो गया तो कड़ी कानूनी कार्यवाही होगी। राहुल ने कहा कि कॉलेज और डिप्लोमा के बाद एक साल के लिए हर ग्रेजुएट को प्राइवेट और सरकारी ऑफिस में ट्रेनिंग दी जाएगी और हर साल एक लाख रुपये मिलेगा।

## राष्ट्रपति से मिलेगा आईएनडीआईए गठबंधन का प्रतिनिधिमंडल

**टीम एक्शन इंडिया**

**रांचीः** आईएनडीआईए गठबंधन के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने के लिए समय मांगा है। इस संबंध में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने राष्ट्रपति के सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा गया है कि झारखंड के मंत्री, सांसद, विधायक और वरिष्ठ नेता राष्ट्रपति से मिलना चाहते हैं। अतः प्रतिनिधिमंडल को मिलने के लिए समय निर्धारित किया जाये।

**आदेश** किसान शुभकरण की मौत की जांच हाई कोर्ट के सेवानिवृत जज की अगुवाई में होगी

## किसानों आंदोलन पर पंजाब एवं हरियाणा सरकारों को हाईकोर्ट की फटकार



**टिप्पणी**

8 बड़े शर्म की बात है आप लोग बच्चों को आगे कर रहे हैं, आप लोगों को यहां खड़े होने तक का अधिकार नहीं हैः हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढः** हाई कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान पंजाब एवं हरियाणा सरकारों को फटकार लगाते हुए कहा कि इस पूरे मामले में दोनों ही राज्य अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से निभाने में नाकाम रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि किसान शुभकरण की मौत की जांच हाई कोर्ट के सेवानिवृत जज की अगुवाई में होगी और 3 सदस्यीय समिति बनाई जाएगी। पंजाब एवं हरियाणा में चल रहे किसान आंदोलन को लेकर चंडीगढ़ में हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने इस मामले में वकीलों को फटकार लगाई और तस्वीरें देखकर किसानों पर बिफर गए। सुनवाई के दौरान उस समय कोर्ट के तेवर कड़े हो गए जब हरियाणा सरकार ने हाई कोर्ट को प्रोटेस्ट करते हुए कई फोटो दिखाई। कोर्ट ने शुभकरण की मौत की जांच को लेकर भी अहम आदेश दिया। इस दौरान हाई कोर्ट ने तल्ख होते हुए कहा कि हाथों में तलवार लेकर शांतिपूर्वक प्रोटेस्ट कौन करता है। हाई कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान पंजाब एवं हरियाणा सरकारों को फटकार लगाई और कहा कि इस पूरे मामले में दोनों ही राज्य अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से निभाने में नाकाम रहे हैं। सुनवाई के दौरान फोटो देख कर हाई कोर्ट ने किसान आंदोलनकारियों पर बड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि बड़े शर्म की बात है आप लोग बच्चों को आगे कर रहे हैं, आप लोगों को यहां खड़े होने तक का अधिकार नहीं है।

हरियाणा सरकार



"दीनदयाल उपाध्याय जी ने हमें अंत्योदय का मार्ग दिखाया था।
यानि जो समाज की आखिरी पंक्ति में हैं, उनका उदय।
21वीं सदी का भारत इसी विचार से प्रेरणा लेते हुए अंत्योदय के लिए काम कर रहा है।
जो विकास के आखिरी पायदान पर है, उसे विकास के पहले पायदान
पर लाने के लिए काम हो रहा है।"

**- नरेन्द्र मोदी**

# अंत्योदय से अंतिम के उदय को साकार करती हरियाणा सरकार

## हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (HAPPY)

## श्री मनोहर लाल
मुख्यमंत्री, हरियाणा
द्वारा
## शुभारंभ




हरियाणा राज्य परिवहन की बसों में प्रतिवर्ष 1000 किलोमीटर तक **निःशुल्क यात्रा** की सुविधा

एक लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले लगभग 22 लाख 89 हजार परिवारों के अनुमानित **84 लाख सदस्य होंगे लाभान्वित**

**₹50 के मामूली अंशदान** पर लाभार्थियों के लिए बनाया जाएगा **HAPPY CARD**

**HAPPY CARD**
आवेदन हेतु
क्यू आर कोड स्कैन करें
अथवा
वेबसाइट पर जाएं

https://ebooking.hrtransport.gov.in/#/ppp/apply/happy



# सीएम केजरीवाल के खिलाफ नया समन जारी

## कथित शराब नीति मनी लॉन्ड्रिंग मामले में समन का पालन नहीं करने के लिए ईडी की दूसरी शिकायत पर केजरीवाल को नया समन जारी किया

**मुश्किलें**

**8 आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही**






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली शराब नीति मामले से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने कथित शराब नीति मनी लॉन्ड्रिंग मामले में समन का पालन नहीं करने के लिए ईडी की दूसरी शिकायत पर अरविंद केजरीवाल को नया समन जारी किया है।

**16 मार्च को पेश होने के लिए कहा:** समन जारी करते हुए एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने मामले में अगली सुनवाई 16 मार्च के लिए सूचीबद्ध कर दी। ईडी की पहली शिकायत पर कोर्ट ने केजरीवाल को अदालत में पेश होने का आदेश दिया था। 16 मार्च को ही अरविंद केजरीवाल को अदालत के समक्ष पेश होना है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा समन का अनुपालन नहीं करने पर उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग करते हुए कोर्ट में नई शिकायत दी थी।

**किस आधार पर समन जारी किया:** वहीं, ईडी द्वारा कोर्ट को केजरीवाल के समन को लेकर की गई शिकायत पर आम आदमी पार्टी (आप) ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कई अदालती फैसलों में बार-बार कहा गया है कि ईडी को यह बताना होगा कि किसी व्यक्ति को किस आधार पर समन किया जा रहा है।

आप ने कहा है कि दुर्भाग्य से केंद्र सरकार अदालत के आदेशों का पालन करने से इनकार करती है और खुद को कानून से ऊपर मानती है।

## डीयू के पाठ्यक्रमों में शामिल होगा साइंस ऑफ हैप्पीनेस का कोर्स

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के विद्यार्थी अब खुशी का विज्ञान सीखेंगे। इसके लिए गुरुवार को रेखी फाउंडेशन फॉर हैप्पीनेस और डीयू एवं इसके 5 कॉलेजों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। इसके तहत डीयू और इन कॉलेजों में रेखी फाउंडेशन फॉर हैप्पीनेस के साथ मिलकर रेखी सेंटर ऑफ एक्सिलेंस फॉर द साइंस ऑफ हैप्पीनेस स्थापित किए जाएंगे। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह की उपस्थिति में विश्वविद्यालय की ओर से रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता ने इसका प्रतिनिधित्व किया जबकि रेखी फाउंडेशन फॉर हैप्पीनेस का प्रतिनिधित्व डॉ. सतिंदर सिंह रेखी द्वारा किया गया। हैप्पीनेस के लिए डीयू के जिन पांच कॉलेजों ने एमओयू किया, उनमें लेडी श्री राम कॉलेज फॉर वुमेन, गार्गी कॉलेज, इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज, मिरांडा हाउस और दौलत राम कॉलेज शामिल हैं।

कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि इसे अगले शैक्षणिक स्तर से शुरू किया जाएगा। रेखी फाउंडेशन हैप्पीनेस का पाठ्यक्रम विकसित करेगा और उसे डीयू के साथ साझा करेगा। यह एक दिशा निर्देश के प्रयोजनों के लिए होगा और डीयू अपने पाठ्यक्रम और क्रेडिट संरचना के अनुरूप इसे संशोधित कर सकता है। पाठ्यक्रम को अंतिम रूप देने के बाद डीयू इसे अधिसूचित करेगा और इससे जुड़े कॉलेज साइंस ऑफ हैप्पीनेस के पाठ्यक्रम की पेशकश के लिए आवश्यक व्यवस्था कर सकते हैं। फिलहाल डीयू अपने विद्यार्थियों के लिए साइंस ऑफ हैप्पीनेस पाठ्यक्रम को वैकल्पिक विषयों के रूप में अपनाएगा और धीरे-धीरे उन्हें मेजर व माइनर विषयों में भी शामिल किया जा सकता है।

## यमुनानगर: सीएम ने दी 20 परियोजनाओं की सौगात



**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को प्रदेश में करीब 4200 करोड़ रुपये से अधिक ऑनलाइन परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इन योजनाओं में जिला यमुनानगर की चारों विधानसभाओं के लिए करीब साढ़े 66 करोड़ रुपये की 20 परियोजनाएं शामिल हैं।

जिला लघु सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ सिटी यमुनानगर के भाजपा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, पूर्व विधायक बलवंत सिंह सहित जिले के उच्च अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को पंचकुला में आयोजित कार्यक्रम में ऑनलाइन के माध्यम से प्रदेश की लगभग 4200 करोड़ रुपये की स अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें जिला यमुनानगर की चारों विधानसभाओं के लिए करीब साढ़े 66 करोड़ रुपये की 20 परियोजनाएं शामिल हैं। जिला सचिवालय के सभागार में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने लगभग 29 करोड़ 53 लाख रुपये की लागत से जिले की 18 परियोजनाओं का उद्घाटन किया व 37 करोड़ 3 लाख 10 हजार रुपये की दो परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

## साउथ दिल्ली में बदमाशों ने घर में घुसकर युवक को मार डाला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देवली एक्सटेंशन स्थित राजू पार्क के पास एक युवक की घर में घुसकर बदमाशों ने हत्या कर दी। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया गया है।

**शुक्रवार को जानी थी युवक की बारात:** जानकारी के मुताबिक, युवक (मृतक) की शुक्रवार को बारात जानी थी। मृतक की पहचान गौरव सिंघल के रूप में की गई है।

**जिम चलाता था गौरव:** 29 वर्षीय गौरव सिंघल देवली गांव के पास जिम चलाता था। युवक की हत्या से स्वजनों में कोहराम मच गया है। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। हत्या के बाद शादी को लेकर परिवार की खुशी मातम में बदल गई है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को लगभग 12.30 बजे राजू पार्क के पास देवली एक्सटेंशन में हत्या के संबंध में पीसीआर कॉल मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम के मौके पर पहुंचने पर पता चला कि गौरव सिंघल उम्र 29 साल पर तेज धार वाले हथियार से हमला किया गया था और उसे इलाज के लिए प्राइवेट में ले जाया गया था। जहां बाद में उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## अंकित सक्सेना मर्डर: प्रेमिका के माता-पिता और मामा को उम्रकैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दूसरे समुदाय की लड़की के साथ प्रेम संबंध होने पर बीच सड़क पर गला काटकर की गई अंकित सक्सेना की हत्या के मामले में दिल्ली की तीस हजारी अदालत ने प्रेमिका के माता मां शहनाज बेगम, पिता अकबर अली और मामा मोहम्मद सलीम को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही तीनों पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार शर्मा ने सजा की अवधि पर दोनों पक्षों को सुनने के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया था। तीनों आरोपितों को दोषी करार देते हुए अदालत ने कहा था कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में सफल रहा कि अंकित की हत्या दूसरे समुदाय की लड़की के साथ प्रेम संबंध होने कारण की गई थी।

**अंकित की मां बोलीं- फैसले से संतुष्ट नहीं:** अंकित सक्सेना मामले में आरोपितों को मिली उम्रकैद पर अंकित की मां का कहना है कि वे कोर्ट के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। आरोपितों को फांसी मिलनी चाहिए। जिस तरह का कृत्य उनका है, उस हिसाब से फांसी से कम सजा हो ही नहीं सकती। इस फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील होगी।

**क्या है पूरा मामला?**

पश्चिमी दिल्ली के रघुबीर नगर में फरवरी 2018 में अंकित सक्सेना की सरेआम गला काटकर हत्या कर दी गई थी। अदालत ने अंकित के दोस्त नितिन की गवाही दर्ज की थी। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने मोहल्ला छोड़ दिया था और ए-ब्लाक से मकान बदलकर बी-ब्लाक में आ गए थे। इस प्रकरण में पुलिस ने अप्रैल 2018 में लड़की के परिवार के तीन सदस्यों के खिलाफ तीस हजारी अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया था और तीन मई 2018 को आरोपपत्र पर संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई सत्र अदालत में स्थानान्तरित कर दी गई थी।


## महिलाओं को अपनी आवाज बुलंदी से रखनी चाहिए: रेखा

**प्रेरक यात्राएं**

**8 अपने विशेष कार्यक्रम, "तू बोल" के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने अपने विशेष कार्यक्रम, "तू बोल" के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया, जहां विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं ने अपनी चुनौतियों और प्रेरक यात्राएं साझा कीं। गुरुवार को विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोग के अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि महिलाओं को आलोचना का सामना करते हुए अपनी आवाज मुखर रूप से सभी के सामने रखना चाहिए। इससे महिलाओं को एक दूसरे के साहस से बल मिलता है। इस मौके पर बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के महत्वपूर्ण महत्व पर जोर दिया। उन्होंने खेलों में भारतीय महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए युवा महिलाओं को स्वस्थ जीवन शैली के लिए खेलों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। भारतीय वैज्ञानिक रितु करिधल ने दर्शकों को मंगलयान मिशन की अंतर्दृष्टि से रूबरू कराते हुए महिलाओं के बारे में रूढ़िवादी सोच से बाहर निकलने पर जोर दिया। इस मौके पर प्रज्ञा प्रसून सिंह ने एसिड अटैक के बाद अपनी कहानी से सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



## न्यूज फ्लैश

### महिला सशक्तिकरण एवं महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता विषय पर बीपीएस खानपुर में आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रम का हुआ समापन



**गोहाना(सोनीपत), 07 मार्च।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण व भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर के कानूनी सहायता केन्द्र द्वारा विश्वविद्यालय में महिला सशक्तिकरण एवं महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता विषय पर आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय कार्यक्रम का गुरूवार को समापन किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करते हुए खरखौदा उपमण्डल की न्यायिक दण्डाधिकारी डॉ० रेणु शोलखे ने छात्राओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ? के लिए प्रेरित किया। न्यायिक दण्डाधिकारी डॉ० रेणु शोलखे ने कहा कि आज देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां महिलाएं आगे न हो। ऐसा इसलिए हो पाया है कि आज की महिलाएं अपने अधिकारों के बारे में जागरूक हुई है और महिलाओं के प्रति समाज की सोच में भी परिवर्तन आया है। आज हर परिवार अपने बेटी को बेटों के समान अधिकार दे रहा है और उसे शिक्षित करने के लिए हर कदम पर उसका साथ दे रहा है ताकि बेटी शिक्षित होकर अपने जीवन में आगे बढ़ सके और अपने परिवार का नाम रोशन कर सके। डॉ० शोलखे ने कहा कि अगर किसी महिला के साथ कोई शोषण होता है तो इसके खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकती है। उसकी आवाज को हर जगह सुना जाएगा और उसे कानूनी सुरक्षा दी जाएगी ताकि उस महिला को शोषण से मुक्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ शोषण करने वाले लोगों को कानून द्वारा सख्त से सख्त सजा दी जाती है ताकि कोई महिलाओं का शोषण न कर सके। इस दौरान कुलपति प्रोफेसर सुदेश ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में छात्राओं की समुचित भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। इस सात दिवसीय कार्यक्रम में विधि विभाग के लीगल ऐड वॉलंटियर्स ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में महिलाअधिकार जागरूकता के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का आरंभ इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में बीए एलएलबी चतुर्थ गत वर्ष की छात्रा रिद्धि के भाषण द्वारा किया गया इसके पश्चात वंशिका एवं पीएचडी शोधार्थी रश्मी द्वारा शिक्षा विभाग में साइबर सिक्योरिटी के कानूनी प्रावधानो के विश्व में छात्राओं को अवगत कराया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की संयोजन डॉ० अलका भारती, विधि विभाग की प्रभारी डॉ० सीमा दहिया, विधि विभाग से डॉ० प्रमोद मलिक, डॉ० अर्चना मलिक, डॉ० अन्नु बाला, डॉ० धीरज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### पंचकुला में चल रहे सरस मेले में कुरुक्षेत्र के कलाकारों ने मनवाया अभिनय का लोहा

**कुरुक्षेत्र: पंचलाईट के** चक्कर में हम तो सुबह से चुल्हा–चौका भी ना किए, यही सोचे थे कि पंचलाईट आएगा तो गुजिया बनाकर पूरे टोला को खिलाएंगे। पर अब ना ई पंचलाईट जलेगा ना ही गुजिया बनेगी। अब जब तक पंचलाईट नहीं जलेगा, हमरे गले के नीचे तो निवाला भी नहीं उतरेगा। इसी तरह के संवादों के साथ कुरुक्षेत्र के कलाकारों ने हास्य नाटक पंचलाईट प्रस्तुत कर पंचकुलावासियों को हास्य रस में डुबकियां लगवाई।

# भाजपा ने इलेक्टोरल बॉन्ड को बनाया भ्रष्टाचार करने का माध्यमः अशोक

### कांग्रेस ने एसबीआई के सामने किया प्रदर्शन

**विरोध**

8 इलेक्टोरल बॉन्ड को सार्वजनिक किया जाए ताकि देश की जनता का लोकतंत्र पर विश्वास बना रह सके

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने इलेक्टोरल बॉन्ड को भ्रष्टाचार करने का माध्यम बना लिया है। तभी सरकार के इशारे पर इलेक्टोरल बॉन्ड को सार्वजनिक करने के लिए समय मांगा गया है। इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से इस सरकार की पोल पट्टी खुलकर सामने आएगी कि आखिर किन किन बड़े घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए पैसा वसूला गया है। एसबीआई को चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की पालना करते हुए इलेक्टोरल बॉन्ड को सार्वजनिक किया जाए ताकि देश की जनता का लोकतंत्र पर विश्वास बना रह सके।

पूर्व मँत्री ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड को सुप्रीम कोर्ट द्वारा सार्वजनिक करने की बात कही थी, लेकिन एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट से 30 जून तक का समय मांगा है। इसको लेकर आज कांग्रेस पार्टी द्वारा एसबीआई बैंकों के सामने प्रदर्शन किया गया है। उन्होने कहा कि एसबीआई बीजेपी को बचा रही है।

उन्होने भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की जनता के सामने अपने कॉर्पोरेट देनदारों के नाम का खुलासा करने से डर रही है। उन्होने कहा कि आज देश की जनता चाहती है कि किस किस ने भाजपा को चंदा दिया है लेकिन मोदी सरकार इसे छुपाना चाहती है। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई से तीन सप्ताह के भीतर विवरण उपलब्ध कराने को कहा था लेकिन चुनाव को देखते हुए सरकार के इशारे पर एसबीआई ने शीर्ष अदालत से 30 जून तक का समय मांगा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि एसबीआई के पास देनदारों और प्राप्तकताओं दोनों की जानकारी है लेकिन सरकार के इशारे पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को भी नजरअंदाज किया जा रहा है।



### एसबीआई के सामने कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

**गुरुवार** को कुरुक्षेत्र में कांग्रेस के कार्यकर्ता रेलवे रोड पर स्थित एसबीआई बैंक के सामने इका हुए और चुनाव से पहले चुनावी बांड सार्वजनिक न करने को लेकर विरोध जताया। कांग्रेस कार्यकताओं ने कहा की जब सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड को सार्वजनिक करने को कहा है तो एसबीआई उसमे देरी क्यों कर रहा है। उन्होंने कहा की चुनाव से पहले अगर चुनावी बॉन्ड सार्वजनिक हो जाए तो जनता के सामने दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा लेकिन ऐसा लगता है कि एसबीआई किसी को बचाने की कोशिश कर रहा है। इस मौके पर राजकुमार पिंडारसी, सुभाष पाली, जिला परिषद सदस्य सुरेश वाल्मिकी, किरमच के सरपंच रणबीर बूरा, टेकचंद बारना, युवा कांग्रेस नेता हिमांशु अरोड़ा, दीपक वालिया, सतबीर शास्त्री, विवेक भारद्वाज, पूर्व पार्षद ओमप्रकाश, चंद्रभान वाल्मिकी, विरेंद्र अमीन, सुभाष मिजार्पुर, अशोक सिडाना, सौरभ गर्ग, मनोज शर्मा, मोहन सिंह रतगल, राजपाल प्रतापगढ, वीना रंगा, सुनीता शर्मा, पूनम चौहान, लक्ष्मी मोहननगर, कमलेश धीमान सहित अन्य मौजूद रहे।

# 'पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के लिए एक नए युग की शुरूआत'



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** राज्य में स्वास्थ्य क्रांति के नए दौर की शुरूआत करते हुए, मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को कुरुक्षेत्र स्थित श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के नवनिर्मित प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र, होम्योपैथी और यूनानी चिकित्सा केंद्र का पंचकूला के सेक्टर पांच स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। इन केंद्रों संचालन के बाद अब एक ही छत के नीचे सभी पारंपरिक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ आम जनमानस को मिल पाएगा। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने इस शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, आयुष मंत्री अनिल विज, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी और कुरुक्षेत्र विधायक सुभाष सुधा का

**आयुष**

8 आयुष विवि के प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र, होम्योपैथी और यूनानी चिकित्सा केंद्र का सीएम ने किया उद्घाटन

आभार प्रकट किया और कहा कि पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के लिए यह एक नए युग की शुरूआत हो रही है। भारत सरकार का आयुष मंत्रालय जहां आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्धा एवं होम्योपैथी इन सभी स्वास्थ्य प्रणालियों के संवर्धन एवं विकास के माध्यम से आमजन को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने और चिकित्सा शिक्षा के संचालन का कार्य देख रहा है वहीं मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश के अंदर स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार इजाफा हो रहा है।

# 'हर मतदाता अपने मत का प्रयोग कर चुनाव का पर्व-देश का गर्व में डालें आहुति'

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने जिलावासियों से आह्वान किया है कि वे आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में को देखते हुए अपना वोट अवश्य बनवाएं और मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुनाव का पर्व-देश का गर्व में अवश्य आहुति डालें, तभी लोकतंत्र के पर्व की पूणार्हुति संपन्न हो सकेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिस नागरिक को अपनी नई वोट बनवानी है तो वह अपने सं संबंधित बीएलओ से मिलकर इसके लिए अपना फार्म जमा करवा सकता हे। इसके अलावा वह स्वयं भी वोटर हैल्पलाईन एप की मदद से ऑनलाईन अपनी नई वोट के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि जिला में लक्ष्य है कि एक भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाना सूची में शामिल होने से वंचित न रहे और कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित न रहे।

# पुलिस ने साईबर सुरक्षा को लेकर बच्चों को किया जागरूक

**जागरूक किया**

8 किसी भी अनजान व्यक्ति की कॉल पर आप अपने बैंक खाता/क्रैडिट/डेबिट कार्ड की जानकारी साझां ना करे



**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** माननीय अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साईबर हरियाणा ओ.पी. सिहँ के निदेर्शानुसार व पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के कुशल मार्गदर्शन में आईटीआई अम्बाला शहर व हर्बल पार्क अम्बाला शहर में प्रबन्धक थाना साईबर निरीक्षक सुरेश पाल के नेतृत्व में अम्बाला पुलिस साईबर टीम तथा साईबर विशेषज्ञ बबित कौशल ने साईबर जागरूकता अभियान के दौरान छात्र/छात्राओं/शिक्षकों व आमजन को साईबर अपराधों बारे जरूरी जानकारी दी व साईबर अपराधों से बचने के उपाय बताए।

इस कार्यक्रम में लगभग 750 छात्र/छात्राओं/शिक्षकों व आमजन ने भाग लिया। साईबर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थितगणों को साईबर अपराधों से बचने बारे विशेष जानकारी दी। जिसमें उन्होने बतलाया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की कॉल पर आप अपने बैंक खाता/क्रैडिट/डेबिट कार्ड की जानकारी साझां ना करे। अपने फेसबुक व्हटसप पर टू स्टैप वैरिफिकेशन जरूर लगाये। अपने फेसबुक/इंस्टाग्राम के अकाउंट को प्राईवेट रखें व ओटीपी किसी से भी शेयर ना करें और ना ही लालच में आकर अपनी बैंक सम्बन्धी जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति को मोबाईल पर सांझा करें। उन्होने कहा कि अपनी जमा पूंजी को सुरक्षित रखने के लिए महीने में एक बार अपने गूग्गलपे, फेसबुक व्हटसप व अन्य ऑनलाईन एप्प का पासवर्ड बदले । आज का युग मोबाईल व इंटरनैट का युग है साईबर अपराधी आपको तरह तरह के लालच देकर आपको अपने झांसे में फंसाने की कोशिश करता है जो व्यक्ति साईबर अपराधों बारे जागरूक है वह इन साईबर अपराधियों के झांसे में नही आता व जिस व्यक्ति को साईबर अपराधों बारे जानकारी नही है वह मोबाईल के एक गलत क्लिक से साईबर अपराधियों दवारा ठगा जाता है।

# लिपिक वर्ग सरकार के खिलाफ 10 मार्च को जींद में करेगा रोष प्रदर्शन

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** हरियाणा प्रदेश के सभी विभागों बोर्डों नगरनिकायों और विश्विद्यालयर्यरत लिपिकीय वर्ग के कर्मचारी एक बार फिर प्रदेश स्तर पर सरकार का विरोध करने के लिए जींद के एकलव्य स्टेडियम में एक जुट होने जा रहे हैं, क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसाइटी कुरुक्षेत्र की जिला प्रधान मंजू ने बताया कि हरियाणा प्रदेश का लिपिकीय कर्मचारी लंबे समय से एक सम्मानजनक वेतन के लिए



संघर्षरत है,सरकार ने लिपिक वर्ग की 42 दिन की हड़ताल के बावजूद 21700 का नोटिफिकेशन जारी किया है जिससे किसी भी कर्मचारी को कोई वित्तीय लाभ नहीं हुआ। इसके अलावा

**वादाखिलाफी**

8 सरकार ने हड़ताल के समय को ड्यूटी समय ना मानकर 15 अगस्त 2023 के समझौते की भी वादाखिलाफी की है

सरकार ने हड़ताल के समय को ड्यूटी समय ना मानकर 15 अगस्त 2023 के समझौते की भी वादाखिलाफी की है जिससे लिपिकीय कर्मचारियों में भारी रोष है। जिला प्रधान मंजू की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी ने विभिन्न विभागों में जाकर लिपिक वर्ग को 10 मार्च के रोष प्रदर्शन को सफल बनाने का आह्वान किया। आज के इस आह्वान में मंजू,प्रवीण,प्रवेश,राकेश बेनीवाल, प्रदीप,सरिता, विजेंद्र शर्मा, ऋषिपाल, दर्शन मान, प्रदीप कादयान, रविंद्र,अनिल फौजी, संदीप, के अलावा बहुत से लिपिक वर्ग के कर्मचारियों ने भाग लिया।

# इंटर-पोलटेक्निक वॉलीबॉल मैच में छाया अम्बाला

**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक फॉर वूमेन फरीदाबाद में खेले गए इंटर-पॉलीटेक्निक वॉलीबॉल मैच में नेहा की कप्तानी में कल्पना चावला गर्वनमेंट पॉलीटेक्निक फॉर वूमेन, अंबाला सिटी ने सेमी फाइनल मुकाबले में गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक फॉर वूमेन, सिरसा और फाइनल मुकाबले में गर्वनमेंट पॉलीटेक्निक फॉर वूमेन, फरीदाबाद को उन्हीं के होम ग्राउंड में मात देकर जीत का परचम लहराया। टीम की अध्यक्षता मिस बिमला और मंदीप सिंह ने की और इस खुशी के अवसर पर, फाइनल



विनिंग टीम का कल्पना चावला गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक फॉर वूमेन, अंबाला सिटी में प्रधानाचार्य डॉक्टर लाभ सिंह नैन और स्टॉफ सदस्यों ने बहुत जोरदार स्वागत किया। मंच का संचालन मिस लॉरैल ने किया।

### सैनी ने मोदी की गारंटी वीडियो वैन को दिखाई हरी झंडी

**चंडीगढ़ः** हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कुरूक्षेत्र चुनाव कार्यालय से मोदी की गारंटी वीडियो वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उनके साथ विधायक सुभाष सुधा भी उपस्थित रहे। नायब सैनी ने कहा कि इस तरह की वीडियो वैन हर विधानसभा और हर जिला में जाएगी। इस वीडियो वैन में एक सुझाव पेटिका रखी है जिसमें आम जन अपने सुझाव लिखकर डाल सकते हैं।

श्री सैनी ने कहा कि लोगों द्वारा मिले सुझाव को भाजपा अपने संकल्प पत्र में जोड़ेगी। यह अभियान 15 मार्च तक चलेगा।

# कैरियर गाइडेंस व काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल के हिंदी विभाग व पथ के साथी फाउंडेशन कुरुक्षेत्र संस्था द्वारा कैरियर गाइडेंस व काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ गगनदीप कौर ने बताया कि विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन जरूरी है।जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों को पोस्ट ग्रेजुएशन के बाद नेट व जेआर एफ की तैयारी के विषय में बारीकियों से अवगत करवाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के बतौर ब्रेन पावर एकेडमी कुरुक्षेत्र के डायरेक्टर पूर्व जिला खेल अधिकारी श्री हरिकेश सहारण ने शिरकत की । उन्होंने बताया कि



वर्तमान प्रतियोगिता के युग मे छात्रों को योजनाबद्ध तैयारी के लिए उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। इसलिए उन्हें योग्य संस्थान से प्रशिक्षण लेना चाहिए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ कृष्ण कुमार ने करते हुए विशिष्ट अतिथियों का सवागत किया। इस अवसर पर पथ के साथी फाउंडेशन के अध्यक्ष व कार्यक्रम का संयोजन डॉ सुनील थुआ ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि बेहतर भविष्य के निर्माण में शिक्षण संस्थाओं के साथ साथ स्वयंसेवी संस्थाएं जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद कर-

**काउंसलिंग**

8 डॉ गगनदीप कौर ने बताया कि विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन जरूरी

के अपनी महत्ती भूमिका निभाती हैं। इस दिशा में हमारी संस्था भविष्य में भी नियमित तौर पर निःशुल्क करियर गाइडेंस प्रोग्राम आयोजित करवाएगी।

इस अवसर पर कार्यक्रम के समापन अवसर करते हुए समस्त प्रतिभागियों का लोक प्रशासन विभागाध्यक्ष डॉ राजीव ने सबका आभार प्रकट किया।

# श्री जयराम शिक्षण संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भारती प्रथम, छवि द्वितीय एवं अंकिता तृतीय स्थान पर रही

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल में कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से श्री जयराम शिक्षण संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया। यह दिन प्रतिवर्ष विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों व कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि



डा. रत्ना दहिया प्रोफेसर, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र, विशिष्ट अतिथि मीनाक्षी शर्मा अधिकारी, भारतीय डाक विभाग करनाल, जयराम महिला बी.एड. कालेज की प्राचार्या डा. प्रतिभा श्योकंद एवं पॉलेटिक्निक की प्राचार्या मनप्रीत कौर के द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ किया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा महिलाओं की उपलिब्धयों को दशार्ती हुई प्रदर्शनी लगाई गई। इस कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-

**प्रेरणास्त्रोत**

8 सामाजिक उपलब्धियों व कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के रूप में मनाया जाता है

चढ़कर भाग लिया। जिसमें भारती बी.ए. की छात्रा ने प्रथम स्थान, पॉलिटेक्निक की छवि ने द्वितीय स्थान एवं बी.ए. की अंकिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में बी.एड. एवं पॉलिटेक्निक की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर शिक्षण संस्थान की भूतपूर्व छात्राओं को भी सम्मानित किया जो समाज में अनेक उच्च पदों पर कार्यरत हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डा. रत्ना दहिया ने छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी, उपाध्यक्ष टी.के. शर्मा, निदेशक एस.एन. गुप्ता, कालेज प्राचार्या डा. प्रतिभा श्योकंद, पॉलिटेक्निक की प्राचार्या मनप्रीत कौर, कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सुदेश रावल एवं स्कूल की प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल ने छात्राओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए बधाई दी।

# सीटू एवं जनवादी महिला समिति ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** सीटू एवं जनवादी महिला समिति ने पंचायत भवन सोनीपत में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। जिसमें बड़ी संख्या में आशा, आंगनवाड़ी, मिड डे मील ,ग्रामीण व शहरी सफाई कर्मचारी शामिल हुए। पंचायत भवन सोनीपत में सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता शीलावती एवं अनीता ने संयुक्त रूप से किया और सुरजावती ने मंच का संचालन किया। उपरोक्त के अलावा लक्ष्मी छिल्लर, सोना देवी,पूनम, शिलकराम मलिक, अजय टांक,राजेश, सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने संबोधित करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की महिला विरोधी नीतियों की



घोर आलोचना करते हुए महिलाओं को बराबरी के अधिकार देने की मांग की। उन्होंने पंचायत भवन से गोहाना रोड होते हुए, उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई की हिंसा से पीड़ित महिलाओं के पुनर्वास के लिए बजट का उचित प्रावधान किया जाए, जस्टिस वर्मा समिति की सिफारिश को लागू किया जाए, निर्भया फंड के लिए आवंटन बढ़ाया जाए ,सभी कार्य स्थलों और शैक्षणिक संस्थानों में प्रीवेंशन आफ सेक्सुअल हैरेसमेंट एक्ट का शक्ति से क्रियान्वयन करो, महिलाओं के साथ होने वाले साइबर अपराधों के खिलाफ विशेष कानून बनाया जाए।

## न्यूज फ्लैश

### जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स ला रही है दिल्ली एनसीआर के लिए मेगा सर्विस कैंप

**नोएडा।** जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स अपने बहुत सफल मेगा सर्विस कैंप को नोएडा, दिल्ली ला रही है। राज्यों में कई सफल सर्विस कैंप लगाने के बाद नोएडा में तीन दिवसीय सर्विस कैंप 8 मार्च से 10 मार्च तक चलेगा, जो विशेष रूप से 2019 और 2020 मॉडल के जावा मोटरसाइकिल मालिकों के लिए होगा। सर्विस कैंप श्री जी मोटर्स-ए-34, ग्राउंड फ्लोर (साउथ हॉल), सेक्टर 63, नोएडा-201309 पर लगाया जाएगा। कैंप में 2019-2020 जावा मोटरसाइकिलों के मालिकों को अपनी मोटरसाइकिल के हेल्थ चेकअप से लेकर चुनिंदा पार्ट्स के फ्री रिप्लेसमेंट की सुविधा मिलेगी। मोटुल, अमारोन और सिएट टायर्स सहित ओरिजनल पार्ट्स सप्लायर भी ग्राहकों की सहायता के लिए यहां मौजूद रहेंगे। अपने ग्राहकों की संतुष्टि के लिए निरंतर प्रतिबद्धता में जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स बाइक के हेल्थ चेकअप के आधार पर कंप्लीमेंट्री एक्स्टेंडेट वारंटी की भी पेशकश कर रही हैं। इसके अलावा, अपनी मोटरसाइकिलों को अपग्रेड करने में रुचि रखने वाले मालिकों के लिए एक्सचेंज वैल्यू का आकलन करने की भी अलग से व्यवस्था रहेगी। पिछले सर्विस कैंप बहुत सफल रहे थे। इनमें 1000 से अधिक जावा मोटरसाइकिलों को सर्विस दी गई। पिछले अनुभव को देखते हुए ब्रांड आने वाले महीनों में कई शहरों में मेगा सर्विस कैंपों की घोषणा करेगा। यह पहल ग्राहकों की संतुष्टि को प्राथमिकता देने और ग्राहकों को बड़े गर्व के साथ लंबे समय तक जावा येज्दी मोटरसाइकिल के मालिक होने की संतुष्टि देने की ब्रांड की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। फिर देर किस बात की, जावा येज्दी मोटरसाइकिलों के मालिक निकटतम ब्रांड डीलरशिप पर जल्द से जल्द अपना स्लॉट आरक्षित करवा लें। अपनी मोटरसाइकिल को बेस्ट केयर देने का यह अवसर हाथ से जानें दें साथ ही सर्विस कैंप में आकर खुद महसूस करें कि जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स के लिए अपने ग्राहकों की संतुष्टि कितनी ज्यादा मायने रखती है।



### एमेजॉन इंडिया अब हरियाणा में महिलाओं को नाइट शिफ्ट में काम करने का सुनहरा मौका दे रहा है

**करनाल।** एमेजॉन इंडिया ने आज हरियाणा में अपने एक बड़े सॉर्ट सेंटर में वीमन इन नाइट शिफ्ट्स (विन्स) के लॉन्च की घोषणा की है। एमेजॉन की मौजूदा पहलों में एक और पहल विन्स जोड़ी गई है, जिसमें महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और सहायक काम करने का वातावरण बनाया जाएगा। पुरुषों और महिलाओं दोनों को विभिन्न शिफ्ट्स में काम करने के समान अवसर दिए जाएंगे। साथ ही सभी के लिए समावेशिता को बढ़ावा मिलेगा। भारत के कुछ राज्यों में नियमों के तहत खास तौर पर महिलाओं की सुरक्षा के मद्दे नजर और भलाई के बारे में सोचते हुए वेयरहाउसिंग ऑपरेशन्स के काम के लिए नाइट शिफ्ट में महिलाओं की ड्यूटी पर रोक है। इसलिए विन्स पहल को सफल बनाने के लिए रक्षा, हिफाजत और भलाई को केंद्र में रखा गया है। एमेजॉन इंडिया सभी के लिए समान काम के अवसर की वकालत करते हुए राज्य सरकारों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। अपनी भरपूर कोशिशों और अधिकारियों के सहयोग से कंपनी ने तमिलनाडु, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब और अब हरियाणा की चुनिंदा साइट्स पर महिलाओं के लिए नाइट शिफ्ट ऑपरेशंस को सफलतापूर्वक सक्षम किया है। लिजू थॉमस, डायरेक्टर ऑफ एचआर, इंडिया ऑपरेशन्स, एमेजॉन इंडिया ने कहा, "हम सभी को समान अवसर देने और कार्यस्थल पर महिलाओं को आने वाली मुश्किलों को दूर करने में विश्वास करते हैं।



# घरौंडा विधानसभा को मिली 55 करोड़ की 60 की परियोजनाओं की सौगात: हरविंद्र

## विधायक ने क्षेत्र के लोगों की तरफ से मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जताया आभार, कम्बोपुरा अंडरपास, सडकें, पावर



राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि घरौंडा विधानसभा को 55 करोड़ की 60 परियोजनाओं की सौगात मिली है जिनका आज मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्चुअली तौर पर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया है। उक्त परियोजनाओं के लिए विधायक ने क्षेत्र के लोगो की तरफ से मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

विधायक ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी हल्कों में समान रूप से विकास कार्य करवाए हैं। आज मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल जिले की सवा तीन सौ करोड़ से अधिक की परियोजनाओं को जनता को समर्पित किया है। देश में हर क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य जारी है। मुख्यमंत्री को गरीबों की विशेषतौर पर चिंता रहती है। उन्होंने कहा कि एनएचएआई की 15 करोड़ की लागत से कंबोपुरा के पास बनने वाले अंडरपास से कई गांवों के लोगों को फायदा होगा।

उन्होंने विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में गांव कुटैल से पीपलीवाली रोड को मजबूत बनाने पर 114.62 लाख रुपए, गांव कुटैल से कैरवाली रोड पर 112.71 लाख रुपए, जीटी रोड से हसनपुर से होते हुए रसीन तक 120.09 लाख रुपए, जीटी रोड से झीमरहेड़ी रोड पर 26.85 लाख रुपए, जम्मूखाला अप्रोच रोड पर 11.47 लाख रुपए, उपली से रसीन रोड पर 86.95 लाख रुपए, फैजअलीपुर से कैरवाली रोड पर 151.78 लाख रुपए, हसनपुर से शिव मन्दिर पर 6.60 लाख रुपए, घरौंडा से ज्ञानपुरा रोड पर 208.76 लाख रुपए, फैजअलीपुर- कैरवाली रोड से ड्रेन घाट पर 49.3 लाख रुपए, लालुपुरा से अमृतपुर रोड पर 209.49 लाख रुपए, कुटैल से ऊंचा समाना रोड पर 211.3 लाख रुपए की राशि से लोक निर्माण विभाग द्वारा सडकों को चौड़ा व मजबूत बनाया जाएगा। जीटी रोड से बजीदा जाटान रोड पर 13.5 लाख रुपए, करनाल मेरठ रोड से रांवर तक 54.39 लाख रुपए, करनाल मेरठ रोड से गंजो गढ़ी रोड तक 217.07 लाख रुपए, कुटैल से मुबारकबाद रोड पर 27.29 लाख रुपए, फैजअलीपुर माजरा अप्रोच रोड पर 20.71 लाख रुपए, फैज अलीपुर माजरा से कुटैल हाई स्कूल रोड पर 216.99 लाख रुपए, बस्ताड़ा से ज्ञानपुरा रोड पर 89.39 लाख रुपए, मुबारकाबाद से बस्ताड़ा रोड पर 163.27 लाख रुपए, जमालपुर से बरसत रोड पर 221.16 लाख रुपए, पानीपत बरसत रोड पर 368.74 लाख रुपए, घरौंडा रेलवे स्टेशन से आरयूबी पर 46.30 लाख रुपए, करनाल मेरठ रोड से रांवर रोड पर 218.33 लाख रुपए, जीटी रोड से मदनपुर रोड पर 18.98 लाख रुपए, जीटी रोड से बजीदा जाट्टान रोड पर 35.91 लाख रुपए, डाहा बजीदा से सिरसी अप्रोच रोड पर 81.20 लाख रुपए, करनाल इंद्री रोड से कर्ण लेक उंचाना रोड पर 132.53 लाख रुपए, 100 लाख की लागत से वेस्टर्न बाइपास फेज-1 में अंडरपास, 218.75 लाख रुपए की लागत से बजीदा जाट्टान से रिषी नगर रोड, मेन रोड से टीकरी कैलाश रोड पर 286.75 लाख रुपए तथा करनाल मेरठ रोड से रांवर रोड पर 218.33 लाख की राशि लोक निर्माण विभाग द्वारा खर्च की जाएगी।

## नवनियुक्त उपायुक्त उत्तम सिंह ने संभाला कार्यभार



राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** नवनियुक्त उपायुक्त उत्तम सिंह ने वीरवार को अपना कार्यभार संभाल लिया है। यह 2015 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। बता दें कि हरियाणा सरकार द्वारा हाल ही में आईएएस अधिकारियों के स्थानांतरण किए गए हैं, इनमें उत्तम सिंह (आईएएस) को हिसार से स्थानांतरित करके करनाल में उपायुक्त के तौर पर नियुक्त किया गया है। उत्तम सिंह ने हरियाणा प्रदेश के कई जिलों में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उत्तम सिंह ने कहा कि आम जनता की शिकायतों एवं समस्याओं का निराकरण करना, जिले की विकासात्मक कार्यों तथा स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं को तेज गति से पूरा करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इसके अलावा लोकसभा के आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों को भी हिदायत दी गई है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में चुनाव की तैयारियों को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते पूरा करें।

## अंसल हाउसिंग तथा सोहाना रोड पर स्थित दो अवैध कालोनियों पर चला पीला पंजा



राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिला नगर योजनाकार ने जानकारी देते हुए बताया कि करनाल में अंसल हाउसिंग तथा सोहाना रोड पेंट फैक्टरी के साथ स्थित दो अवैध कालोनियों के विरुद्ध तोडफोड़ की कार्यवाही को अंजाम दिया गया, जिसमें सडकों व सीवर, डीपीसी आदि को ध्वस्त कर दिया गया। इसके साथ ही उपरोक्त कॉलोनियों में स्थित दो अवैध निमार्णों को सील किया गया है। तोडफोड़ व सीलिंग की कार्यवाही ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस की अगुवाई में की गई।

कार्यवाही के दौरान जिला नगर योजनकार मौके पर खुद उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जिला नगर योजनकार ने लोगों से अपील की कि कोई भी व्यक्ति अवैध निर्माण न करे, अन्यथा कार्यालय द्वारा तोडफोड़ की कार्यवाही को मध्यनजर रखते हुए अवैध निर्माण के विरुद्ध कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।

उन्होंने बताया कि करनाल जिले में अवैध कॉलोनियों व अवैध निमार्णों के विरूद्ध किसी प्रकार की कोताही नही बरती जाएगी व तोडफोड़ की कार्यवाही जारी रहेगी तथा दोषियों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज किये जायेंगे। इस मौके पर थाना सेक्टर 32-33 व पुलिस चौकी सैक्टर-4 की पुलिस फोर्स व ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी मौके पर उपस्थित रहे।

## महिला के बिना सशक्त समाज की कल्पना नहीं की जा सकती: हरदीप

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** मानवता जनशक्ति फाउंडेशन की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान फाउंडेशन के संस्थापक हरदीप राणा व उनकी टीम ने शिक्षा विभाग, चिकित्सा, एडवोकेट व समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

महिला दिवस पर बधाई देते हुए मानवता जनशक्ति फाउंडेशन के संस्थापक हरदीप राणा ने कहा कि महिला के बिना सशक्त समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। एक महिला तमाम रिश्तों को एक माला में पिरो कर रखती है। महिलाओं का योगदान किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कहीं ज्यादा होता है। महिला घर संभालने के साथ कार्यस्थल पर अपनी जिम्मेदारियों को भी बखूबी निभाती है।

## कचरा संग्रहण के लिए सांसद ने दिखाई ई रिक्शा को हरी झंडी



राजकुमार प्रिंस

**करनाल। सांसद** संजय भाटिया ने आज यहां गांवों में कचरा संग्रहण के लिए 3 ई-रिक्शा और 3 रेहड़ियों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ई-रिक्शा और रेहड़ी की खरीद एमपी लैड स्कीम के तहत की गई है। दो करोड़ 5 लाख रुपए की लागत से 138 ई रिक्शा और 105 रेहड़ी जिला के अलग-अलग गांवों में उपलब्ध कराई जाएंगी।

सांसद संजय भाटिया के अनुसार कचरा संग्रहण के लिए ई-रिक्शा और रेहड़ी उपलब्ध होने से गांवों में सफाई व्यवस्था और बेहतर हो सकेगी। सरकार विकास कार्यों के साथ-साथ स्वच्छता की ओर भी विशेष ध्यान दे रही है। हर घर में शौचालय का निर्माण कराया गया है। घर और आसपास के वातावरण को साफ सुथरा रखने से कई प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है।

इस अवसर पर विधायक हरविंद्र कल्याण, जिला परिषद के सीईओ विवेक चौधरी, इंद्री के एसडीएम अशोक कुमार, करनाल के एसडीएम अनुभव मेहता के अलावा विभिन्न विकास खंडों के बीडीपीओ भी मौजूद थे।

## 35 स्कूली बच्चों को किया गया स्कूल बैग, स्टेशनरी, पेन व ज्यौमेटरी बॉक्स का वितरण

### विद्यालय के स्टाफ जेबीटी अध्यापक सुरेश पाल व जेबीटी अध्यापक मनिषा कन्डोला भी उपस्थित रहे



राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** इफको करनाल द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय, कम्बोपुरा करनाल में आज एक सामाजिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन कर 35 स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, स्टेशनरी, पेन व ज्यौमेटरी बॉक्स का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अध्यापक वीरेंद्र कुमार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे व प्राथमिक विंग मुख्य अध्यापिका सुनिता शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ जेबीटी अध्यापक सुरेश पाल व जेबीटी अध्यापक मनिषा कन्डोला भी उपस्थित रहे।

वरिष्ठ क्षेत्र प्रबन्धक, इफको करनाल डा निरंजन सिंह ने बताया की एक सहकारी संस्था होने के नाते हमारी जिम्मेवारी है कि हम कृषक समुदाय की समस्याओं का निदान करने के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व व समाज विकास का कार्य करें, जिसमें हम सामाजिक कार्यक्रमो जैसे मेडिकल कैम्प, पशु चिकित्सा अभियान सहित जिले में अनेकों कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इसी कड़ी में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिससे बच्चे पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित हों और उनमें आगे बढने की भावनाएं जागृत हों।

**प्रोत्साहित**

**8 विकल्प में इफको द्वारा दुनिया में पहला नैनो तकनीक आधारित नैनो यूरिया तरल बनाया गया है**

उन्होंने बच्चों को सफाई के प्रति जागरुकता पर बल दिया। उन्होंने बताया की फसलों में पैदावार बढ़ाने हेतु खादों का प्रयोग होता है। यूरिया खाद सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला खाद है व परंपरागत यूरिया पानी में घुल कर जड़ों द्वारा पौधों को मिलता है। जो यूरिया पौधों को मिल पाता है उसे छोडकर बाकी बचा हुआ यूरिया पानी मे घुलकर भूमिगत जल में मिल जाता है तथा उसे दूषित करता है। बाकी बचा हुआ गैस बनकर वायुमंडल में चला जाता है व वायू दूषित करता है व कुछ भाग जो जमीन में पानी के साथ सूख जाता है वह मिट्टी के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। इस समस्या के निदान के लिये इसके विकल्प में इफको द्वारा दुनिया में पहला नैनो तकनीक आधारित नैनो यूरिया तरल बनाया गया है, जिससे ये सभी तरह के प्रदूषण से निजात मिल सकेगी। जो छिडकाव द्वारा इस्तेमाल होता है।

## शिव भजनों से भक्तिमय हुआ सेक्टर-13

**देवों के देव**

**8 शिव भक्त सुखविंद्र मनोचा के निवास से प्रभातफेरी आरंभ हुई और सेक्टर-13 में ही शिव भक्त सरला के निवास पर विश्राम लिया**

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। महाशिवरात्रि** को लेकर तैयारियों जोरों पर चल रही हैं। शिव प्रभातफेरी मंच की ओर से निकाली जा रही प्रभातफेरी अंतिम चरण में है। आज बृहस्पतिवार को प्रभातफेरी सेक्टर-13 में पहुंची। शिव भक्त सुखविंद्र मनोचा के निवास से प्रभातफेरी आरंभ हुई और सेक्टर-13 में ही शिव भक्त सरला के निवास पर विश्राम लिया।

भोले बाबा के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु आगे बढ़े। भगवान शिव के भजनों से सेक्टर-13 का वातावरण भक्तिमय हो गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने अपने परिवार के साथ पालकी के समक्ष नतमस्तक होकर मनोकामनाएं मांगी और भोलेबाबा का आशीर्वाद लिया। पालकी और श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की गई।

मंच के प्रधान सतपाल मनोचा ने कहा कि देवों के देव भगवान शिव की आराधना करने से कष्टों का निवारण होता है। भगवान शिव अपने भक्तों को दुखी नहीं होने देते। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में निकाली जा रही यह प्रभातफेरी शुक्रवार को संपूर्ण विश्राम लेगी और महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर राजू डोडा, प्रमोद नागपाल, शिखा, नेहा, अनिल छाबड़ा, कर्ण, राजू भुटानी व सुशील मदान सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

## पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही महिलाएं : हरप्रीत कौर

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** दानवीर राजा कर्ण फाउंडेशन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक निजि होटल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महान शख्सियतों को नेशनल एंपावर्ड वूमेन अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप से विख्यात समाजसेविका हरप्रीत कौर दयोल, चीफ गेस्ट एक्ट्रेस रूबीना सुलबनिया, सेलिब्रिटी गेस्ट टीवी एक्टर मनीष बिसला, शैली शर्मा, साध्वी पूजा ठाकुर ने महिलाओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। हरप्रीत कौर देओल ने कहा कि आज महिलाओं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष परवीन पुनिया ने बताया कि हमे हमेशा महिलाओं का सम्मान करना चाहिए और महिलाओं को भी पुरुषों के समान अधिकार मिलने चाहिएं। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा जरूरतमंद कन्याओं का विवाह भी करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था द्वारा बेसहारा और लाचार गायों का इलाज भी किया जाता है और समय-समय पर ब्लड कैम्प भी लगाए जाते है।

इस अवसर पर परवीन पुनिया, मनीष बिशला, रूबीना, कृष्णा गुप्ता, सवि चौधरी, स्वर्ण कादयान, कविता रहेजा, धर्मवीर आर्य, डाण विक्रम सिंह चौहान, हरप्रीत बेदी, सतवन्ती दलाल, रेखा राणा, अनिता राणा, मोनिका गोस्वामी, सविता कपूर, ज्योति गाबा, पूनम पांचाल, मुकेश, रेनू सैनी, विकी चौहान, शैली शर्मा, अंजली, मीनाक्षी यादव, पंकज गोयल, सीनू, राजेश नरवल, पूनम पांचाल, दीप गोयल विषु पंडित, राजेश पंडित, डिंपल अरोड़ा व मुकेश सहित अन्य मौजूद रहे।

## शरीर से प्रेम है तो आसन करें, सांस से प्रेम है तो प्राणायाम



राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में श्री कृष्णा मंदिर सैक्टर 14 योग कक्षा से आज का सत्र करवाया गया। सत्र की शुरूवात शिक्षिका बरखा जिंदल, वीना गोयल और ऋतु गर्ग द्वारा सूक्ष्म व्यायाम से की गई। उसके बाद सोनिया भाटिया और नवीन जिंदल ने आसन सत्र लिया।

दिनेश गुलाटी जी ने प्राणायाम सत्र के दौरान प्राणायाम का महत्व बताते हुए कहा कि प्राणायाम का मतलब ही प्राणों को आयाम देना है, यानी पूरे शरीर में प्राण शक्ति को बढ़ाना, जब आप इसका नित्य प्रति अभ्यास करते हो तो शरीर और मन में हल्कापन अनुभव करते हैं और अंदर धैर्य और शांति मिलती है। शरीर में जहां भी प्राणवायु का अवरोध होता है या रुकावट होती हैं उसे प्राणायाम की मदद से ठीक किया जा सकता है,शरीर में कहीं भी खून की रुकावट की समस्या नहीं रहती। प्राणायाम शरीर में ऑक्सीजन लेवल ठीक करने में मदद करता है।

शिक्षिका वीना सेठ ने प्राणायाम के दौरान मीठे भजन से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर शिक्षक नवीन जिंदल, बरखा जिंदल, वीना सेठ, वीना गोयल, सोनिया भाटिया, ऋतु गर्ग और साधकों में राजेश छाबरा, अनिल गोयल, गणेश गर्ग, विनोद ढींगरा, तरुण, नरेश, रुचि, किरण, आरती बैजल, संतोष वालिया, नीरज सिंगला और अन्य कई साधक मौजूद रहे।

## नगर निगम के प्रवर्तन दल ने अतिक्रमण व सिंगल यूज प्लास्टिक के किए 28 चालान

### र्ण गेट बाजार, महर्षि वाल्मीकि चौक से पुराने बस स्टैंड रोड, ग्रीन बैल्ट तथा मेरठ रोड का निरीक्षण किया गया





राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा के आदेशानुसार निगम का अतिक्रमण मुक्त अभियान बदस्तूर जारी है। इसके साथ-साथ सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वाले दुकानदारों पर भी जुमार्ना लगाया गया है। अभियान के चलते शहर की मुख्य सडकों पर दुकानदारों द्वारा बोर्ड या सामान रखकर सडक को घेरना तथा किराए के लालच में आकर बाजारों में अतिक्रमण करवाने वाले दुकानदारों के खिलाफ नगर निगम के प्रवर्तन दल ने मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेंद्र चोपड़ा के नेतृत्व में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।

उप निगम आयुक्त अशोक कुमार ने कार्रवाई की जानकारी देते बताया कि प्रवर्तन दल द्वारा शहर के जोन 1, 2 व 4 में पडने. वाले कर्ण गेट बाजार, महर्षि वाल्मीकि चौक से पुराने बस स्टैंड रोड, ग्रीन बैल्ट तथा मेरठ रोड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अतिक्रमण करने वाले व एकल प्रयोग प्लास्टिक की ब्रिकी कर रहे 28 दुकानदारों के चालान किए गए और उन पर 15 हजार रुपये जुमार्ना लगाया गया। उन्होंने बताया कि जो दुकानदार अपने सामान को सडक पर आगे तक रखते हैं या फड़ी वालों से किराया लेकर उन्हें अपनी दुकान के आगे जगह देते हैं, ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इसके अलावा दुकानों के आगे सडक पर रखा सामान भी जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार व राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के आदेशानुसार नगर निगम की ओर से शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। सूचना, शिक्षा और संचार (आई.ई.सी.) गतिविधियों के तहत नगर निगम के मोटीवेटरों द्वारा दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी, होटल व ढाबा संचालक तथा थोक विक्रेताओं के पास जाकर उन्हें जागरूक भी किया गया है। दूसरी ओर उन्होंने बताया कि दुकानों के आगे सडक पर सामान रखने या फड़ी लगाने से सडक संकरी हो जाती है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था खराब होने के साथ-साथ बाजारों में आने वाले नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि प्रवर्तन दल द्वारा बाजारों का रोजाना दौरा किया जा रहा है। अगर कोई दुकानदार या फड़ी वाला सडक पर अतिक्रमण करते पाया गया तो उसका सामान जब्त करने के साथ-साथ 5 हजार रुपये तक जुर्माना भी किया जाएगा।

## श्री खाटू श्याम मंदिर में मनाया जा रहा फाल्गुन महोत्सव

**संकीर्तन**

**8 इस उपलक्ष्य में खाटू श्याम मंदिर में संकीर्तन किया जा रहा है। बुधवार को पहला संकीर्तन किया गया।**

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** करनाल स्थित पुरानी अनाज मंडी के नजदीक श्री खाटू श्याम मंदिर में फाल्गुन महोत्सव मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में खाटू श्याम मंदिर में संकीर्तन किया जा रहा है। बुधवार को पहला संकीर्तन किया गया। जिसमें दिलावर कौशिक की भजन मंडली ने सुंदर-सुंदर भजनों से श्रद्धालुओं को निहाल किया और श्याम बाबा के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे।



इस अवसर पर श्याम बाबा का फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर को अद्भुत ढंग से सजाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर श्याम बाबा का गुणगान किया। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान देशराज गुप्ता ने बताया श्याम बाबा को समर्पित 20 मार्च तक फाल्गुन महोत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें से विभिन्न भजन मंडली कीर्तन में बाबा का गुणगान करेंगी। उन्होंने बताया कि 11 से 17 मार्च तक श्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल, 18 मार्च को श्री आकाश सीमा गिल और 20 मार्च को श्री ओम ए-डीवाइन ग्रुप द्वारा कीर्तन किया जाएगा। इस अवसर पर अनिल गोयल, महेंद्र प्रताप, पवन, रामकरण गोयल, कृष्ण, विनोद गोयल, यश व नवीन गुप्ता, आकाश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# लोक कल्याण के देव हैं शिव

**महाशिवरात्रि** भगवान शिव का त्यौहार है। देश के सभी प्रदेशों में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। भारत के साथ नेपाल, मारीशस सहित दुनिया के कई अन्य देशों में भी महाशिवरात्रि मनाते हैं। हर साल फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि का व्रत किया जाता है। हिन्दू पुराणों के अनुसार इसी दिन सृष्टि के आरंभ में मध्यरात्रि में भगवान शिव ब्रह्मा से रुद्र के रूप में प्रकट हुए थे। इसीलिए इस दिन को महाशिवरात्रि कहा जाता है। शिवरात्रि के प्रसंग को हमारे वेद, पुराणों में बताया गया है कि जब समुद्र मन्थन हो रहा था उस समय समुद्र में चौदह रत्न प्राप्त हुए। उन रत्नों में हलाहल भी था। जिसकी गर्मी से सभी देव दानव त्रस्त होने लगे। तब भगवान शिव ने उसका पान किया। उन्होंने लोक कल्याण की भावना से अपने को उत्सर्ग कर दिया। इसलिए उनको महादेव कहा जाता है। जब हलाहल को उन्होंने अपने कंठ के पास रख लिया तो उसकी गर्मी से कंठ नीला हो गया। तभी से भगवान शिव को नीलकंठ भी कहते हैं। शिव का अर्थ कल्याण होता है। जब संसार में पापियों की संख्या बढ़ जाती है तो शिव उनका संहार कर लोगों की रक्षा करते हैं। इसीलिए उन्हें शिव कहा जाता है। यौगिक परम्परा में इस दिन और रात को इतना महत्व इसलिए दिया जाता है क्योंकि यह आध्यात्मिक साधक के लिए जबरदस्त संभावनाएं प्रस्तुत करते हैं। आधुनिक विज्ञान कई चरणों से गुजरने के बाद आज उस बिंदु पर पहुंच गया है। जहां वह प्रमाणित करता है कि हर वह चीज जिसे आप जीवन के रूप में जानते हैं। पदार्थ और अस्तित्व के रूप में जानते हैं। जिसे आप ब्रह्मांड और आकाशगंगाओं के रूप में जानते हैं। वह सिर्फ एक ही ऊर्जा है। जो लाखों रूपों में खुद को अभिव्यक्त करती है। माना जाता है की इस दिन भगवान शंकर और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन लोग व्रत रखते हैं और भगवान शिव की पूजा करते है। महाशिवरात्रि का व्रत रखना सबसे आसान माना जाता है। इसलिये बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी इस दिन व्रत रखते हैं। महाशिवरात्रि के व्रत रखने वालों के लिये अन्न खाना मना होता है। इसलिये फलाहार किया जाता है। राजस्थान में व्रत के समय गाजर, बेर का फलाहार किया जाता है। लोग मन्दिरों में भगवान शिव की पूजा करते हैं व उन्हे आक, धतूरा चढ़ाते हैं। भगवान शिव को विशेष रूप से भांग का प्रसाद लगता है। इस कारण इस दिन काफी जगह शिवभक्त भांग घोट कर पीते हैं। पुराणों में कहा जाता है कि एक समय शिव-पार्वती कैलाश पर्वत पर बैठे थे। पार्वती ने प्रश्न किया कि इस तरह का कोई व्रत है जिसके करने से मनुष्य आपके धाम को प्राप्त कर सके ? तब उन्होंने यह कथा सुनाई थी कि प्रत्यना नामक देश में एक व्यक्ति रहता था, जो जीवों को बेचकर अपना भरण पोषण करता था। उसने सेठ से धन उधार ले रखा था। समय पर कर्ज न चुकाने के कारण सेठ ने उसको शिवमठ में बन्द कर दिया। संयोग से उस दिन फाल्गुन बदी चतुर्दशी थी। वहां रातभर कथा, पूजा होती रही जिसे उसने भी सुना। अगले दिन शीघ्र कर्ज चुकाने की शर्त पर उसे छोड़ा गया। उसने सोचा रात को नदी के किनारे बैठना चाहिये। वहां जरूर कोई न कोई जानवर पानी पीने आयेगा। अतः उसने पास के बील वृक्ष पर बैठने का स्थान बना लिया। उस बील के नीचे एक शिवलिंग था। जब वह पेड़ पर अपने छिपने का स्थान बना रहा था उस समय बील के पत्तों को तोडकर फेंकता जाता था जो शिवलिंग पर ही गिरते थे। वह दो दिन का भूखा था। इस तरह से वह अनजाने में ही शिवरात्रि का व्रत कर ही चुका था।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में बढ़े कदम...

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> महिलाओं के बिना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। भारतीय संविधान के अनुसार महिलाओं को भी पुरुषों के समान जीवन जीने का हक है। भारत में नारी को देवी के रूप में देखा गया है। कहा जाता है कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। प्राचीन काल से ही यहां महिलाओं को समाज में विशिष्ट आदर एवं सम्मान दिया जाता है। भारत वह देश है जहां महिलाओं की सुरक्षा और इज्जत का खास ख्याल रखा जाता है। अगर हम इक्कीसवीं सदी की बात करे तो यहां की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला काम कर रही है। अब तो भारत की संसद ने भी महिलाओं के लिये लोकसभा व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक पास कर दिया है। उससे आने वाले समय में भारत की राजनीति में महिलाओं की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण हो जायेगी

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च 1911 से** पूरे विश्व में मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाना है। वर्ष 2024 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम महिलाओं में निवेश करें प्रगति में तेजी लाएं है। यह विषय लैंगिक समानता हासिल करने और जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भलाई में सुधार पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। हमारे देश में महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार है। महिलायें देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है तथा विकास में भी बराबर की भागीदार है। आज के युग में महिला पुरुषों के साथ ही नहीं बल्कि उनसे दो कदम आगे निकल चुकी है। महिलाओं के बिना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। भारतीय संविधान के अनुसार महिलाओं को भी पुरुषों के समान जीवन जीने का हक है। भारत में नारी को देवी के रूप में देखा गया है। कहा जाता है कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। प्राचीन काल से ही यहां महिलाओं को समाज में विशिष्ट आदर एवं सम्मान दिया जाता है।

भारत वह देश है जहां महिलाओं की सुरक्षा और इज्जत का खास ख्याल रखा जाता है। अगर हम इक्कीसवीं सदी की बात करे तो यहां की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला काम कर रही है। अब तो भारत की संसद ने भी महिलाओं के लिये लोकसभा व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक पास कर दिया है। उससे आने वाले समय में भारत की राजनीति में महिलाओं की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण हो जायेगी। हमारे देश में महिलाओं को तो अब सेना में भी महत्वपूर्ण पदो पर तैनात किया जाने लगा है। जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। हम एक तरफ महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबरी का दर्जा देकर उन्हे आगे बढ़ा रहें है। वहीं दूसरी तरफ उनके साथ अत्याचार की घटनाओं में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आये दिन हमें महिलाओं के साथ बलात्कार, दुर्व्यवहार होने की घटनाये सुनने को मिलती रहती है। ऐसी घटनाओं से महिला सशक्तिकरण के अभियान को धक्का लगता हैं।



भारत में 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 4,45,256 मामले दर्ज किए गए। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के ताजा आंकड़ों में इसका खुलासा हुआ है। इससे पहले 2021 में 4,28,278 और 2020 में 3,71,503 मामले दर्ज किए गए थे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, 2022 में महिला अपराध के सिलसिले में हर घंटे लगभग 51 मामले दर्ज किए गए। आंकड़ों के मुताबिक प्रति एक लाख आबादी पर महिला अपराध की दर 66.4 फीसदी रिकॉर्ड की गई। ऐसे मामलों में आरोप पत्र दायर करने की दर 75.8 फीसदी रही। एनसीआरबी ने बताया कि भारतीय दंड संहिता के तहत महिलाओं के खिलाफ सबसे ज्यादा 31.4 फीसदी जुर्म पति या उसके रिश्तेदारों की क्रूरता किए जाने के थे। इसके बाद अपहरण के 19.2 फीसदी, शील भंग करने के इरादे से महिलाओं पर हमले के 18.7 फीसदी और दुष्कर्म के 7.1 फीसदी मामले रहे। एनसीआरबी के मुताबिक पिछले साल देश में जितने मामले सामने आए उनमें से 2,23,635 यानी 50 फीसदी उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में दर्ज किए गए। उत्तर प्रदेश में 2021 में महिला अपराध के 56,083 और और 2020 में 49,385 मामले दर्ज किए थे। इसके बाद राजस्थान (40,738 और 34,535), महाराष्ट्र (39,526 और 31,954), पश्चिम बंगाल (35,884 और 36,439) और मध्य प्रदेश (30,673 और 25,640) रहे थे। राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहा। राष्ट्रीय महिला आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक देश भर से पूरे साल में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 28,811 शिकायतें मिलीं। इसमें 16 हजार से ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश राज्य से आए हैं। आंकड़े हैरान कर देने वाली हैं। क्योंकि आयोग में ये शिकायत गरिमा के अधिकार कैटेगरी के अंतर्गत दर्ज किया गया है। इसके बाद दूसरे नंबर पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 2,411 मामले दर्ज किए गए। महाराष्ट्र में 1,343, बिहार में 1,312 और मध्य प्रदेश में 1,165 इतने मामले दर्ज किए गए हैं। 2023 के 12 महीने बाद जारी किए गए इस रिपोर्ट में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध में दहेज उत्पीड़न और दुष्कर्म जैसे अपराध दर्ज किए गए हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग की यह रिपोर्ट महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता दिखाती है। आंकड़ों के मुताबिक देश भर में यौन उत्पीड़न के 805 मामले, साइबर अपराध के 605 मामले, पीछा करने की 472 मामले और सम्मान से जुड़े अपराध के खिलाफ 409 शिकायतें दर्ज कराई गईं। आंकड़ों के मुताबिक, महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बलात्कार के मामले भी शामिल हैं। साल 2023 में बलात्कार और बलात्कार के प्रयास के 1,537 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद गरिमा के अधिकार के तहत 8,540, घरेलू हिंसा के 6,274, दहेज उत्पीड़न के 4,797, छेड़छाड़ के 2,349,और महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता के 1,618 मामले दर्ज किए गए। 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले 2022 की तुलना में कम हुए हैं। 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 30,864 मामले दर्ज किए गए थे। जबकि 2023 में यह संख्या घटकर 28,278 हो गई। यह एक सकारात्मक संकेत है लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। साल 2022 के बाद से शिकायतों की संख्या में कमी देखी गई है। जब 30,864 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जो 2014 के बाद से सर्वाधिक आंकड़ा था। जहां तक बात महिलाओं की सुरक्षा की आती है तो पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व निर्णयों से महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई प्रबंध किये हैं। आज भारत में महिलायें पहले की अपेक्षा ज्यादा सुरक्षित है। भारत में वर्षो से महिला सुरक्षा से जुड़े कई कानून बने है। इसमें हिंदू विडो रीमैरिज एक्ट 1856, इंडियन पीनल कोड 1860, मैटरनिटी बेनिफिट एक्ट 1861, क्रिस्चियन मैरिज एक्ट 1872, मैरिड वीमेन प्रॉपर्टी एक्ट 1874,चाइल्ड मैरिज एक्ट 1929, स्पेशल मैरिज एक्ट 1954, हिन्दू मैरिज एक्ट 1955, फॉरेन मैरिज एक्ट 1969, इंडियन डाइवोर्स एक्ट 1969, मुस्लिम वुमन प्रोटेक्शन एक्ट 1986, नेशनल कमीशन फॉर वुमन एक्ट 1990, सेक्सुअल हर्रास्मेंट ऑफ वुमन एट वर्किंग प्लेस एक्ट 2013 आदि। इसके अलावा 7 मई 2015 को लोक सभा ने और 22 दिसम्बर 2015 को राज्य सभा ने जुवेनाइल जस्टिस बिल में भी बदलाव किया है। इसके अन्तर्गत यदि कोई 16 से 18 साल का किशोर जघन्य अपराध में लिप्त पाया जाता है तो उसे भी कठोर सजा का प्रावधान है। देश में महिलाओं के प्रति खराब होते माहौल को बदलने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं अपितु हर आम आदमी की भी है। हम सभी को आगे आकर महिला सुरक्षा की लड़ाई में महिलाओं का साथ देना होगा तभी देश की मातृ शक्ति सर उठा कर शान से चल सकेगीं। अब महिलाओं को समझना होगा कि आज समाज में उनकी दयनीय स्थिति समाज में चली आ रही परम्पराओं का परिणाम है। इन परम्पराओं को बदलने का बीड़ा स्वयं महिलाओं को ही उठाना होगा। तभी समाज में उनके प्रति सोच बदल पायेगी।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

## कविता

### वेदों की ऋचाएं होती हैं बेटियां

कलेजे का टुकड़ा होती हैं बेटियां,
घर का अहम हिस्सा होती हैं बेटियां,
वेदों की ऋचाएं होती हैं बेटियां,
आकाश की जगमगाती रोशनियां होती हैं बेटियां।
कुल का मान और स्वाभिमान होती है बेटियां।

कैसी सुखद घड़ी आई थी ,
जब तू हमारी जिंदगी में आई थी,
न जाने कितने चंदा जगमगयाए,
चांदनीयों की रोशनी लहराई थी।

घर के कोने कोने में छुपना छुपाना उसका,
नन्हे मुख से खिलखिलाना उसका,
अचानक गुस्से से रूठ जाना उसका,
फिर प्यार से गले लग जाना उसका।

बेटियां तो घर के दीपक की बाती होती हैं
हमारा घर भी तो बेटियां ही जगमगाती है,
मेरी आत्मा तभी चैन पाती है
बेटी जब भी गले लग जाती है।

उंगली पकड़कर चलना सीखा था उसने,
आज मैं लड़खड़ाइ तो हाथ थामा था उसने,
मेरे आंसुओं को अपनी आंखों में छुपाया था उसने,
आज देखो मेरी मां बनकर दुनिया दिखाया था उसने।

मां बाप के घर पली-बढ़ी आगे चली,
मायके से दूर जा रही गुलाब की
चेहरे पर लिए मां-बाप की लाली,
उसकी यादों में लिख दे हम
एक लंबी कहानी।

**संजीव**

## ामकाजी महिलाओं के लिए कोई समानता नहीं

**विजय गर्ग**

**विश्व बैंक की** एक नई रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया का कोई भी देश महिलाओं को कार्यबल में पुरुषों के समान अवसर नहीं देता है, जिसमें पाया गया कि वैश्विक लिंग अंतर पहले की तुलना में कहीं अधिक व्यापक है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अंतर को कम करने से वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद 20% से अधिक बढ़ सकता है। पहली बार, बैंक ने 190 देशों में श्रम बाजार में महिलाओं की भागीदारी पर बाल देखभाल और सुरक्षा नीतियों के प्रभाव की जांच की। इसमें पाया गया कि जब इन दो कारकों को ध्यान में रखा गया, तो महिलाओं को पुरुषों की तुलना में औसतन केवल 64% कानूनी सुरक्षा प्राप्त हुई, जो पिछले अनुमान 77% से कम है। रिपोर्ट की लेखिका टी ट्रंबिक ने कहा कि बच्चों की देखभाल और सुरक्षा के मुद्दे विशेष रूप से महिलाओं की काम करने की क्षमता को प्रभावित करते हैं। हिंसा शारीरिक रूप से उन्हें काम पर जाने से रोक सकती है, और बच्चों की देखभाल की लागत इसे निषेधात्मक बना सकती है। सोमवार को प्रकाशित महिला, व्यवसाय और कानून रिपोर्ट के 10वें संस्करण में पहली बार कानूनों और उन्हें लागू करने के लिए बनाई गई नीतियों के बीच अंतर का आकलन किया गया। इसमें पाया गया कि देशों ने पूर्ण कार्यान्वयन के लिए आवश्यक औसतन 40% से कम प्रणालियाँ स्थापित की थीं।

महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार 'वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रति वर्ष कम से कम 1 ट्रिलियन डॉलर जोड़ सकता है' जबकि 95 देशों ने समान वेतन पर कानून बनाए, केवल 35 देशों में वेतन अंतर को संबोधित करने के लिए उपाय मौजूद थे। वैश्विक स्तर पर, महिलाएं एक पुरुष द्वारा अर्जित प्रत्येक डॉलर का केवल 77 सेंट कमाती हैं। अध्ययन में कहा गया है कि कई उप-सहारा अफ्रीकी देशों ने हाल के वर्षों में कानूनों के सुधार में तेजी से प्रगति देखी है, लेकिन कानून और कार्यान्वयन के बीच सबसे बड़ा अंतर है। उप-सहारा अफ्रीका में टोगो में सबसे अधिक कानून थे, जो महिलाओं को पुरुषों के 77% कानूनी अधिकार देते थे, लेकिन उनमें से केवल एक चौथाई को लागू करने के लिए संरचनाएं थीं।

ट्रंबिक ने कहा, "हमने कई अफ्रीकी देशों से लगातार सुधार के प्रयास देखे हैं... इस साल की रिपोर्ट वास्तव में टोगो और सिएरा लियोन पर प्रकाश डालती है, जहां पिछले तीन से चार वर्षों में वास्तव में बड़े बदलाव हुए हैं।" ह्लेकिन सहायक ढाँचे का बड़े पैमाने पर अभाव है। इसीलिए हाल ही में सुधार करने वाले देशों में कार्यान्वयन अंतर और भी बड़ा है क्योंकि उन्होंने अपने कानूनों में मानक बढ़ा दिए हैं, लेकिन उनके पास उन्हें लागू करने के लिए सहायक तंत्र नहीं हैं। चाइल्डकैअर अंतर को संबोधित करने से श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी में तुरंत 1% की वृद्धि होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि आधे से भी कम देशों में छोटे बच्चों के माता-पिता के लिए वित्तीय सहायता या कर राहत थी और एक तिहाई से भी कम देशों में बच्चों की देखभाल के लिए गुणवत्ता मानक थे जो माता-पिता को उनके बच्चों की सुरक्षा का आश्वासन दे सकते थे।

## विचार

# महिलाओं को न्याय कब मिलेगा?

**कृष्ण कुमार निर्माण**

**छोटी कक्षाओं** में जब पढ़ा करते थे,तब रिक्त स्थान भरना बड़ा मुश्किल माना जाता था।कई बार तो ऐसे प्रश्नों में असमंजस की स्तिथि बन जाया करती थी।पर आज के राजनीतिक दौर को देखकर रिक्त स्थान भरना हो तो सिर्फ एक शब्द ही मुफीद लगता है और वह है वोट/वोट बैंक।जिन मुद्दों पर अच्छा-खासा हंगामा हो रहा है,जरा उनके खालिस्तान भरिए कि संदेशखाली जुर्म के मुजरिम को सजा मिलेगी या नहीं?मणिपुर के शर्मसार करने वाले कांड के दोषी को फाँसी मिलेगी क्या? हाथरस की बिटिया को इंसाफ मिला क्या? उन्नाव की पीड़िता की आत्मा क्या कहती होगी?कुश्ती में जिन लड़कियों के साथ जो घिनौना कार्य हुआ,उसे करने वाला कब जेल जाएगा?इससे भी आगे बढिए और देखिए कि वो संदेशखाली-संदेशखाली करेंगे मगर तुम मणिपुर पर अड़े रहना।वो मणिपुर-मणिपुर करेंगे मगर तुम संदेशखाली पर अड़े रहना।वो हाथरस-हाथरस अलापेंगे मगर तुम राजस्थान पर अड़े रहना।वो उन्नाव का जिक्र करें तो तुम कुछ ओर जिक्र कर देना।बिल्किस बानो के सजायाफ्ता दोषियों को राष्ट्रीय पर्व पर रहा करना ताकि उनका स्वागत-सत्कार हो सके।तुम चिल्लाते रहना कि ये अनुचित है,अन्यायपूर्ण है मगर वो तुम्हें कहीं और उलझा देंगे।ये सब बातें महिला दिवस पर उन तमाम पक्ष-विपक्षीय नेता से चीख-चीखकर पूछ रही हैं कि क्या हम सिर्फ वोट बैंक है या हमें न्याय मिलेगा?और कह रही हैं कि ये जो तुम्हारा तू-तू,मैं-मैं का खेल है,ये उससे भी ज्यादा कचोटता है,दर्द देता है और फिर से हमारा बलात्कार करता है।सच में ऐसा ही हो रहा है।न्याय दिलाने के नाम पर वोट-बैंक तैयार किया जाता है,इनके द्वारा भी, उनके द्वारा भी...।कितना घिनौना है ना यह सब...?चलिए आगे बात करते हैं कि महिला आरक्षण बिल पास हो गया है।ताली बजाओ,मंगल गाओ क्योंकि अब आधी आबादी लोकतंत्र के मंदिरों में जाकर अपनी आवाज बुलंद करेंगी मगर ग्रामीण भारत की भरथो, धापो,मंगलों,रेशमा,भतेरी,श्यामो,फूलो पूछ रही हैं कि क्या उनका नंबर भी आएगा या फिर सब कुछ स्मृति,सोनिया,बांसुरी,मीनाक्षी,ममता,माया ले जाएगी? कितना अन्याय है ये आरक्षण के नाम पर क्योंकि गोबर पाथने वाली महिला कब सशक्त हुई है भला?और तो और यह भी गजब कि अभी महिला आरक्षण बिल पास हुआ है मगर लागू नहीं।वो तो बेचारी आज भी बहुत बुरी हालत में है।पिटती रहती है,अपने दारूबाज पति से मगर बोलती नहीं क्योंकि मर्दवादी युग में बोलने पर कुलटा कहा जाएगा।आज भी बेचारी जंगल से लकड़ी लाती हैं और रोटी बनाकर खाती हैं मगर आंकड़े सब कुछ हरा-हरा ही दिखाते हैं क्योंकि कभी उन महिलाओं से तो बावस्ता हुए ही नहीं।ये कैसा महिला दिवस है कि नेता लोग नचनिया तक बोल देते हैं।ये कैसा महिला दिवस है कि महिला दिवस के नाम पर करोड़ों फूंक कर स्वाहा कर दिए जाते हैं मगर बेचारी फत्तो,संतरों के हाथ में कुछ नहीं आ पाता और विज्ञापन बोलता है कि देश बदल रहा है,महिलाएं सशक्त हो रही हैं।पारिवारिक विवाद के कितने खट्टे अनुभवों से हर रोज गुजरती हैं महिलाएं,और अगर यह पारिवारिक विवाद भूलकर भी दहलीज से बाहर लेकर आ गई तो समझो स्यापा हो गया।ये कैसा सशक्तिकरण है कि महिला होने पर दिहाड़ी भी कम दी जा रही है।यकीन नहीं आता तो एक बार देश भर की आशा वर्कर,मिड-डे-मील वर्कर,आंगनबाड़ी वर्कर,हैल्पर,परियोजना के तहत काम कर रही स्वास्थ्य कार्यकर्ता से पूछकर देख लो।यहाँ भी सब्र न आए तो फिर सर्वे करो और देखो।लानत है कि हम फिर भी महिला दिवस पर बड़े-बड़े भाषण देते हैं।यहाँ तक कि इनके प्रेम पर इतना बंधन है कि उफ!पूछिए मत,और तो और इनके पढ़ने की उम्र भी ये खुद तय नहीं कर सकती,ना ही कॉलेज या कुछ और....।हो सकता है कि कुछ लोग कहें कि अब तो समय बदल रहा है मगर ध्यान रखिए चंद महिलाओं की गाथा से पूरी महिला कौम के जीवन में कोई बदलाव नहीं आता?हाँ,कुछ बदलाव होना भी अच्छा ही कहा जा सकने योग्य है मगर याद रखिए कि सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं,मेरी कोशिश है कि सूरत बदलनी चाहिए।आइए!मर्दवादी सोच में परिवर्तन लाएं और सिर्फ बोलों से नहीं हकीकत में महिला दिवस मनाकर बड़े स्तर पर महिला सशक्तिकरण करें। यही बेहतर होगा।



# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com




### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# विकास की बदलती तस्वीर में महिलाओं की भागीदारी

**श्याम कुमार कोलारे**

**भारत** एक सम्पन्न परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों से समृद्ध देश है, जहां महिलाओं का समाज में प्रमुख स्थान रहा है। ग्रामीण परिदृश्य में महिलाओं की बड़ी आबादी है। आजादी के बाद महिलाओं का समाज में सम्मान बढ़ा, लेकिन उनके सशक्तिकरण की गति दशकों तक धीमी रही। गरीबी व निरक्षरता महिलाओं की प्रगति में गंभीर बाधा रही हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल के माध्यम से महिलाओं को व्यवसाय की ओर प्रोत्साहित कर इन्हें आर्थिक रूप से सुदृढ़ किया जा सकता है। विशेषकर कृषि प्रसंस्करण उद्योगों, बैंकिंग सेवाओं और डिजिटलीकरण की सहायता से महिलाओं के सामाजिक और वित्तीय सशक्तिकरण की शुरूआत की जा सकती है। भारतीय महिलाएं ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है। रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में हमारे लिए महिलाएं न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रौशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से ही महिलाएं मानवता की प्रेरणा का स्त्रोत रही हैं। मदर टेरेसा से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के बडे. उदाहरण स्थापित किए है। एक समय था जब महिलाएँ चार दिवारी तक सिमित थी, घर परिवारों के दायित्वों के इर्दगिर्द सारा जीवन निर्वाह हो जाता था। समय एवं परिस्थिति के अनुसार आज यह परिवेश में काफी बदलाव आया है। आजादी के बाद महिलाओं की शिक्षा के साथ-साथ रोजगार, राजनीति, आदि में सहभागिता ने देश विकास को एक धुरी प्रदान की है। महिलाओं में जन्मजात नेतृत्व गुण समाज के लिए संपत्ति हैं। ह्लजब एक आदमी को शिक्षित होता हैं, तो वह एक आदमी शिक्षित होता है हैं परन्तु जब एक महिला को शिक्षित होती है तो मान लीजिये एक पीढ़ी शिक्षित होती हैंह्व। भारतीय इतिहास महिलाओं की उपलब्धि से भरा पड़ा है। विज्ञान, व्यापार, अंतरिक्ष, खेल, राजनीति हर क्षेत्र में भारतीय नारी ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। जिस तरह सरदार वल्लभभाई पटेल को लौह पुरुष कहा जाता है उसी तरह इंदिरा गाँधी ने प्रधानमंत्री के रूप में भारत का नाम संपूर्ण विश्व में गौरवान्वित किया है। सौन्दर्य के क्षेत्र में ऐश्वर्या राय, सुस्मिता सेन ने न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व में सम्मान प्राप्त किया है।

## बाबू बेचाऊ हैं

**डॉ. सुरेश कुमार**

**पिता जी नौकरी से** थक हारकर घर पहुँचे। घर पहुँचते ही भैया ने उनका लंच बॉक्स और बैग थाम लिया। पा ! ओ मॉय डियर पा !– भैया पिता जी को मक्खन लगाने लगे।

पिता जी को आश्चर्य हुआ। बोले –हर समय मोबाइल में घुसे रहने वाला बेटा मुझ पर कैसे मेहरबान हो गया? लगता है बरखूरदार को मुझसे काम पड़ गया है। काम? कैसा काम? क्या मैं आपका लंच बॉक्स और बैग भी नहीं थाम सकता? थाम तो सकते हो लेकिन तुम्हें मोबाइल और टीवी से फुर्सत मिले तो न। चौबीस घंटे उसी में घुसे रहते हो। तुम्हें पता भी है, मैं नौकरी कब जाता और आता हूँ? पिता जी ने भैया को चिढ़ाते हुए पूछा। हाँ, क्यों नहीं। मेरे उठने से पहले आप जाते हैं और रात को कभी भी आ जाते हैं। यह सब छोड़िए न। कभी आपको लगा नहीं कि मेरे बेटे की कुछ जरूरतें होती हैं। उन्हें पूरा भी करना चाहिए? अच्छा! इसका मतलब मैं तुम्हारी परवरिश नहीं कर रहा हूँ। तुम पेड़-पौधों की तरह हवा, पानी और सूरज की किरणों से बड़े होते जा रहे हो न? फिर नहीं तो और क्या! क्या भिखारियों के बच्चे बड़े नहीं हो रहे हैं? बच्चों का पालन-पोषण तो हर माता-पिता की जिम्मेदारी होती है। है कि नहीं? जुबान तो तुम्हारी कैंची की तरह चलती है। यही दिमाग कुछ पढ़ाई-लिखाई में लगाया होता तो चार-चार सब्जेक्टों के बैकलॉग लिये घर में बैठे नहीं रहते। यह सब छोड़ो। बताओ क्या काम है? क्या पा! मुझे आपको यह भी बताना पड़ेगा कि मुझे आपसे क्या काम है? एक ही छत के नीचे रहते हैं। कम से कम इतना तो मालूम करना चाहिए कि किसकी क्या जरूरतें हैं? आपसे तो विक्की के डैडी अच्छे हैं, जो उसके बिना पूछे उसकी हर जरूरत पूरा कर देते हैं। हाँ बेटा! कहने को तो हम एक ही छत के नीचे रहते हैं, लेकिन एक ही छत के नीचे चूहों की तरह अपने-अपने बिल बना रखे हैं। जरूरत पड़ने पर ही बाहर निकलते हैं। मैंने घर में कमरे इसलिए बनाए कि सभी को अपनी स्वतंत्रता रहे। मुझे क्या पता था कि तुम कमरे को ही अपना एक अलग घर बना लोगे। हमेशा दरवाजा बंद रखते हो। अंदर क्या करते हो किसे पता। जहाँ तक विक्की के डैडी की बात है तो यह मत भूलो कि न तुम विक्की हो और न मैं विक्की का डैडी। इस दुनिया की भलाई मैं को मैं और तुम को तुम बने रहने में है। अब बताओ तुम्हें क्या चाहिए?

## न्यूज फ्लैश

### सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से राजकुमार शामडी ने ठोकी ताल



**सोनीपत/संजीव कौशिक**

**लोकसभा** चुनाव जैसे जैसे नजदीक आ रहे है, सभी पार्टियों के नेता एक्सन मोड़ में नजर आ रहे , सोनीपत से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजकुमार शामडी भी इससे अछूते नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वह पिछले 30 वर्षों से भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होने दो बार भाजपा की सीट से काउंसलर का चुनाव भी लड़ा है, राजकुमार शामडी ने कहा अगर पार्टी सोनीपत लोकसभा में उनको मौका देती है तो वह पार्टी की झोली में सोनीपत लोकसभा की सीट देने का काम करेगें।

शामडी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें छोटे- से छोटे कार्यकर्ता का भी सम्मान किया जाता है। राजकुमार ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व स्तरीय नेता बन चुके हैं जिनके नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की बदौलत ही तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनेगी।

### खरखौदा विधायक ने टूटी सड़कों को लेकर की चिंता व्यक्त



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा** विधायक जयवीर वाल्मीकि ने पीडबलूडी विभाग से सम्बंधित खरखौदा हलके में सड़कों की टूटी फूटी अवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले काफी सालों से खरखौदा विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की हालत बेहद ही खराब है। वह विधानसभा में भी क्षेत्र की टूटी हुई सड़कों के मुद्दे को चित्रों के साथ उठा चुके हैं। विधानसभा में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के संज्ञान में भी यह विषय लाया गया है। जबकि यह सड़कों से सम्बंधित विभाग, खुद उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के पास है। विधायक जयवीर का कहना है कि उन्हें पता नही अधिकारियों के द्वारा गुमराह किया जा रहा है या फिर गठबंधन सरकार की नीयत साफ नही है। विधायक जयवीर ने जनता को जागरूक करते हुए बताया कि खरखौदा विधानसभा में सरकार का कोई नुमाइंदा आता है तो उनसे यह सवाल जरूर करें कि खरखौदा विधानसभा की सड़कों की मरम्मत क्यों नही हो रही है? विधायक जयवीर ने खण्डन करते हुए बताया कि गठबंधन सरकार जनता से यह झूठ बोल रही है कि सड़कों की मरम्मत के लिए 25 करोड़ रुपए, हर विधानसभा में खर्च किये जाएँगे। जबकि खरखौदा विधानसभा में सड़कों का कोई काम नही हुआ है। बरोणा से आसौदा रोड का बुरा हाल है। खरखौदा से पीपली-सैदपुर रोड तक 3-3 फुट गहरे गड्ढे हैं। जिससे दिल्ली रोड पर आये दिन जाम लगा रहता है। घण्टो तक लोग जाम में खड़े रहते हैं। सेहरी से बिधलान रोड बिल्कुल टूटा पड़ा है।

रोहणा से बरोणा रोड की भी हालत ठीक नही है। खरखौदा, शहर के चारों इंट्री पॉइन्ट पर गहरे गड्ढे हैं जिनमें पानी भरा रहता है। सोनीपत से ककरोई वायां बिधलान रोड पिछले 10 साल से पेंडिंग है। विधायक जयवीर ने चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार आचार सहिंता लगने से पहले इस विषय पर संज्ञान ले और जल्द से जल्द इन सभी सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू करे अन्यथा सड़कों की मरम्मत जल्द से जल्द नही होती तो उन्हें मजबूरन धरने पर बैठना पड़ेगा।

# सीएम ने 93 परियोजनाओं का किया शिलान्यास-उद्घाटन

## मुख्यमंत्री ने वर्चुअली करीब 329 करोड़ की 93 परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करके करनाल की जनता को दी बड़ी सौगात : संजय भाटिया

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने करीब 329 करोड़ की 93 परियोजनाओं का वर्चुअली शिलान्यास व उद्घाटन करके करनाल की जनता की बड़ी सौगात दी। यहां जिला स्तरीय कार्यक्रम लघु सचिवालय में आयोजित किया गया, जिसमें सांसद संजय भाटिया, विधायक हरविंद्र कल्याण, धर्मपाल गोंदर व रामकुमार कश्यप व प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया।



आज मुख्यमंत्री ने करनाल जिला की 22 परियोजनाओं का उद्घाटन और 71 का शिलान्यास किया। इनमें स्मार्ट सिटी की 13592.51 लाख की दो परियोजनायें, उच्च शिक्षा विभाग की 15 सौ लाख की एक परियोजना, ऊर्जा विभाग की 386 लाख की एक, पंचायत एवं विकास विभाग की 1632.01 लाख की 20 तथा पीडब्ल्यूडी की 14405.52 लाख की 68 परियोजनायें शामिल हैं।

पीडब्ल्यूडी विभाग की सडकों के विस्तारीकरण व मजबूतीकरण की 71 परियोजनायें शामिल हैं जिनमें मुख्य रूप से 1958 लाख रुपये की लागत से करनाल काछवा सांबली कौल रोड का मजबूतीकरण, 469.08 लाख से करनाल कैथल रोड पर बसतली, अमूपुर, चकदा, माजरा रोडान तक की सडक, 368.74 लाख की लागत से पानीपत-बरसत रोड, 321.97 लाख की लागत से घीर से शेरगढ़ टापू तक और 305.53 लाख से बीबीपुर जाटान से नगला रोडान तक की सडक का विस्तारीकरण व मजबूतीकरण शामिल है।

**पेयजल**

**8 आज मुख्य चुनौती कचरा प्रबंधन और सभी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की है : निदेशक**

मुख्यमंत्री ने करनाल शहर में 12733 लाख की लागत से बनने वाले जिला पुस्तकालय से हरियाणा नर्सिंग होम और बाल्मीकि चौक से अंबेडकर चौक तक के फ्लाईओवर पुल के निर्माण और 859.51 लाख की लागत से मुख्य ड्रेन नंबर एक के उद्धार कार्य, निगदू में 15 सौ लाख की लागत से बनाये जाने वाले सरकारी कालेज का शिलान्यास किया। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा 15 करोड़ की लागत से कंबोपुरा के पास बनाये जाने वाले अंडरपास का शिलान्यास किया। साथ ही कुटैल की पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में 386 लाख की लागत से बनने वाले 33 केवी सब-स्टेशन का उदघाटन किया। इसके अलावा करीब 20 करोड़ की लागत से बने बाबा फतेह सिंह जी राजकीय कॉलेज असंध का उद्घाटन किया।

उन्होंने अमृत सरोसर योजना के तहत 20 तालाबों का उद्घाटन किया। इनमें 239.56 की लागत से बने गांव बल्ला का तालाब, गांव चोचड़ान में 187.25 लाख, 154.58 लाख से सोनकेरा, 96.30 लाख से गांव समानाबाहु में बना तालाब शामिल है।

इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद संजय भाटिया ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले साढ़े नौ साल में कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किये हैं। पिछली सरकारों में बिजली चोरी रोकने के प्रति दृढ़ इच्छा शक्ति का अभाव था लेकिन भाजपा सरकार ने इसे कर दिखाया। नतीजतन आज लोगों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध हो रही है। लाल डोरा के अंदर रहने वाले लोगों को जमीन का मालिकाना हक दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है उसे पूरा करने के लिये हर व्यक्ति को ईमानदारी से कत्र्तव्य का निर्वहन करना होगा। आज देश आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है।

शहरी निकाय विभाग के निदेशक यशपाल ने कहा कि आज मुख्य चुनौती कचरा प्रबंधन और सभी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की है। सरकार दोनों के समाधान के प्रति गंभीर है। इसी कारण तालाबों का पुनरुद्धार किया जा रहा है।

### 'परमार्थ भाव से जीवन यापन करे'

**समालखा 7 मार्च ( कुलदीप सिंह )**

**मानव योनि** में जन्म लेने मात्र से जीव को मानवता प्राप्त नहीं होती। यदि मनुष्य योनि में जन्म लेने के बाद भी उसमें स्वार्थ की भावना भरी हुई है, तो वह मानव होते हुए भी राक्षसी वृत्ति की पायदान पर खड़ा रहता है। यदि व्यक्ति स्वार्थ की भावना को त्याग कर हमेशा परमार्थ भाव से जीवन यापन करे तो निश्चित रूप से वह एक अच्छा इन्सान है, यानी सुदृढ मानवता की श्रेणी में खड़ा होकर पर सेवा कार्य में रत है। क्योंकि परमार्थ की भावना ही व्यक्ति को महान बनाती है। परमात्मा श्री कृष्ण की लीलाओं में पूतना चरित्र पर व्याख्यान देते हुए परम श्रद्धेय आचार्य गोस्वामी श्री मृदुल कृष्ण जी महाराज ने कहा कि कंस स्वयं को सब कुछ समझ लिया। हमसे बड़ा कोई न हो। जो हमसे बड़ा बनना चाहे या हमारा विरोधी हो उसको मार दिया जाय।

# गांव सग्गा में हुआ श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** गांव सग्गा में चल रही श्री शिव महापुराण कथा में कथावाचक सुशील शास्त्री ने समुंदर मंथन का प्रसंग सुनाया। शास्त्री जी ने कहा क्षीरसागर में देवताओं और राक्षसों ने मिलकर अमृत की प्राप्ति के लिए समुद्र मंथन किया गया। जब मंथन शुरू हुआ तो सबको आखिर उस अमृत की तलाश थी, जिसे पाने के लिए देवता और दानवों में होड़ मची हुई थी। ऐसे में दोनों ने परस्पर मंथन जारी रखा।

शास्त्री जी ने कहा कि इस मंथन में सबसे पहले कालकूट नामक विष जिसे हलाहल कहा जाता है वो निकला। विष निकलने के बाद 14 तरह के अद्भुत रत्न प्राप्त हुई थी जिसमें सबसे अंत में अमृत निकला।

**रसपान**

**8 ाखिर उस अमृत की तलाश थी, जिसे पाने के लिए देवता और दानवों में होड़ मची हुई थी**

कहा जाता है कि इसके गंध और निकल रही तीव्र ज्वाला से सभी देवता तथा राक्षस बेचैन होकर त्राहिमाम करने लगे। इसे कहीं फेंका नहीं जा सकता था क्योंकि इसका तेज इतना था कि समस्त सृष्टि विनाश हो सकती थी। अब तक हुए इस मंथन में अमृत निकलना बाकी था। अब देवता और दानव दोनों को समझ नहीं आ रहा था कि इस विष का क्या किया जाए। अमृत तो सभी को चाहिए था, ऐसे में इस विष का क्या करें इस बात की चिंता दोनों पक्षों को सता रही थी। जब देवता और दानवों को कोई उपाय नजर नहीं आया तो सभी मिलकर देवों के देव महादेव के पास सहायता मांगने पहुंच गए।

**शिव से मांगी मदद तो खुद उठाया विष का प्याला:** उन्होंने महादेव से कहा-महादेव अब आप ही हम लोगों का कल्याण कर सकते है और इस मंथन से निकले विष का क्या उपाय किया जाए इसे लेकर याचना करने लगे।

महादेव ने देखा कि देवता और दानव इस हलाहल का कोई हल नहीं निकाल पा रहे है और इसे कहीं सृष्टि पर छोड़ा गया तो इस विष के द्वारा संपूर्ण सृष्टि का विनाश हो जाएगा। इसे ना तो किसी राक्षस में इतनी क्षमता थी और ना ही देवों में इसे ग्रहण करने की ताकत। तब स्वयं देवों के देव महादेव ने ही इस हलाहल को पीने का बीड़ा उठाया। भगवान महादेव का कंठ नीला पड़ते ही माता पार्वती ने रोका।

इसके पश्चात महादेव ने उस विष का प्याला लिया तथा एक पल में ही संपूर्ण विष को मंद- मंद मुस्काते हुए अपने कंठ में उतार लिया। कंठ तक आते आते भगवान महादेव का कंठ नीला पडने लगा। इसे देख माता पार्वती ने महादेव के कंठ पर फौरन हाथ रख दिया और उस विष को नीचे उतरने से रोक लिया, जिसकी वजह से वह विष महादेव के कंठ में ही स्थिर यानी रुक गया।

### लोसः प्रदीप सांगवान ने अपनी दावेदारी जताई



**सोनीपत : लोकसभा** सीट (लोस सीट) पर प्रदीप सांगवान प्रबल दावेदार, सोनीपत, सोनीपत लोकसभा सिट पर तीन बार भाजपा से सांसद रहे चौधरी किशन सिंह सांगवान के पुत्र प्रदीप सांगवान ने अपनी दावेदारी जताई है। चौधरी किशन सिंह के बाद उनकी विचारधारा को लेकर आगे बढ़ाने के लिए हमेशा लोगों की बीच दुख-सुख सांझा करते हुए प्रदीप सांगवान ने अपने पिता की तरह ज्यों का त्यों तालमेल बनाए रखा है। चौधरी किशन सिंह सांगवान वो अकेले भाजपा के नेता रहे हैं जो हरियाणा सरकार में मंत्री रहने के बावजूद सोनीपत लोकसभा सीट से तीन बार सांसद रहे ओर लोगों से तालमेल ऐसा बनाया कि सोनीपत की जनता आज तक उनके द्वारा जनहित में किए गए कार्यों ओर प्यार को भूला नहीं पा रही। चौधरी किशन सिंह सांगवान भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे थे। चौधरी किशन सिंह सांगवान वो पहले सांसद थे जिन्होंने सांसद को मिलने वाली ग्रांट को पंचायत में जाकर आम लोगों हित के लिए बांटा। सोनीपत को जींद से रेलवे मार्ग द्वारा जोड़ने का अथक प्रयास भी उनकी ही जनहित कार्यों में मुख्य रहा।

# प्रतिभा सभागार में महिला दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंयिा**

**समालखा (कुलदीप सिंह)**

**अन्तर्राष्ट्रीय** महिला दिवस की पूर्व संध्या पर महिलाओं द्वारा चलाए गए ऐतिहासिक आंदोलन को आज के दौर में सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक तौर पर समझने के लिए हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति व शहीद वींरेंद्र स्मारक समिति ने शहीद वींरेंद्र स्मारक भवन, गांधी कॉलोनी पर प्रतिभा सभागार में महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पचास से अधिक महिलाओं ने कार्यक्रम को हिस्सा लिया।कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए ज्ञान विज्ञान समिति के जिला सचिव वेदपाल ने आठ मार्च का ऐतिहासिक

**महिला दिवस**

**8 शहीद वीरेंद्र स्मारक भवन, गांधी कॉलोनी पर प्रतिभा सभागार में महिला दिवस मनाया गया**

संदर्भ रखते हुए बताया कि बीसवीं सदी की शुरूआत में पंद्रह हजार श्रमिक महिलाएं समान काम , समान वेतन व वोट के अधिकार की माँग को लेकर न्यू-यॉर्क की सड़कों पर उतर आयी थी। शहीद वींरेंद्र स्मारक समिति के उपाध्यक्ष मदन पाल छौक्कर ने बताया कि प्रतिभा जैसी अनेक लड़कियां दहेज की बलि चढ़ जाती हैं इन्हीं सामाजिक समस्याओं को केन्द्रित करते हुए स्वयं सहायता समूह एक कारगर मंच साबित हुआ ।महिलाओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता सुरेखा ने बताया कि महिलाओं का समाज/परिवार की व्यवस्था को बनाए रखने में अहम योगदान है फिर भी श्रमिक महिलाओं को वेतन में गैर बराबरी झेलनी पड़ती है और महिलाओं को बुद्धि से कमतर समझकर उनकी पहचान को शरीर और धार्मिक क्रमों तक सीमित रखा जाता है।

# सीवरेज कमेटी का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित गया गया

**समालखा (कुलदीप सिंह)** : समालखा में जल जीवन मिशन के तहत ग्राम जल एवं सीवरेज कमेटी का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित गया गया। प्रशिक्षण के दौरान सरपंच, वीडब्लूयएससी सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर, स्वयं सहायता समूह सदस्य, पम्प ऑपरेटर व चौकीदारों द्वारा भाग लिया गया। प्रशिक्षण के दौरान ग्राम पंचायतों में हर घर नल से जल तथा जीवन मिशन के लक्ष्य, उद्देश्य और वीडब्लूयएससी कमेटी की जिम्मेदारियां तथा कर्तव्य की जानकारी दी गई। इसके साथ-साथ सभी को पानी की जांच के बारे में भी बताया गया व किस प्रकार स्वयं पानी की जांच कर पानी की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली जा सकती है, इस बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण में डीपीसी विनोद कुमार, पानीपत बीआरसी रोशनलाल, समालखा बीआरसी जसबीर सिंह, अटल भूजल योजना से राकेश कुमार, अनुज व प्रशिक्षक सोमबीर मौजूद रहे।

# सेफ इंडिया फाउंडेशन ने जरूरतमंद कन्या की शादी की

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः की** अग्रणी समाज सेवी संस्था सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा अपने जरूरत मंद कन्या विवाह प्रकल्प के तहत आज दिनांक 07 मार्च 2024 को शाम 4 बजे अग्रवाल धर्मशाला गुड़ मंडी सोनीपत मे एक जरूरतमंद कन्या का विवाह करवाया गया, सेफ इंडिया के चेयरमैन वाई के त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि संस्था द्वारा समय समय पर जरूरतमंद कन्याओं की शादी करवाई जाती है जो की अब तक 120 से ऊपर जरूरत मंद कन्याओ की शादी संस्था द्वारा करवाई जा चुकी हैं इसमें संस्था दान दाताओं के सहयोग से कन्या की पूरी शादी करवाती है जरूरत का सारा सामान दिया जाता है एवं भोजन की व्यवस्था भी करवाई जाती

**कन्या विवाह**

**8 संस्था दान दाताओं के सहयोग से कन्या की पूरी शादी करवाती है जरूरत का सारा सामान दिया जाता है**

है, संस्था की खासियत यह है कि इस शादी समारोह मे संस्था का कोई बैनर आदि नहीं लगाया जाता एवं ना ही संस्था का कोई व्यक्ति शादी मे नहीं जाता तथा लड़की व लड़के के साथ कोई भी फोटो आदि नहीं खिचवाये जाते, वर वधु और उनके परिवारों की पहचान गुप्त रखी जाती है ताकि उनके मान सम्मान को कोई ठेस ना पहुंचे, आज की शादी की को ऑर्डिनेटर शालू त्यागी ने बताया की कन्या को बेड, अलमारी, ड्रेसिंग टेबल, कुर्सी मेज, सिलाई मशीन, गद्दे, चद्दर, चांदी का सामान, साड़ी, संदूक, प्रेस, स्टील बर्तन सेट, लड़के व लड़की की घड़ी, कपड़े, सूटकेश, दिवार घड़ी, कुककर,साड़ी आदि दिया गया है, इस शादी मे जतिन गोयल धीरज पेंट,नरेंद्र गोयल,अशोक गुप्ता गन्नौर,एडवोकेट अरविन्द मित्तल ,चौधरी ईश्वर भट्टे वाले, सतीश बाल्याण ,श्याम बत्रा,राजेश आर्य,निमित्त नरेश गोयल,अविनाश सेठी, सुनील चावला, नरेंद्र बंसल,राजेश आर्य, विनोद गुलिया, सुधीर खत्री, मनोज बत्रा,प्रदीप खन्ना, शशि कपूर, गौरव चुघ, मनोज बत्रा,सुमंत्त गुप्ता,राजू फूल वाला,विकास नशीयर, मंजीत आंतील, अलीगढ पेंट आदि ने सहयोग किया,दी महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति द्वारा भवन निशुल्क उपलब्ध करवाया गया,संस्था की महिला प्रधान शालू त्यागी ने बताया कि पूरी जाँच पड़ताल के बाद ही शादी कराई जाती है, अब तक अनेको शादी संस्था द्वारा करवाई जा चुकी है और आगे भी कराई जाएगी ताकि कोई कन्या अभाव मे शादी के बिना ना रह सके, संजय सिंगला ने कहा कि कहते है आज तक कोई कन्या संसाधनों के अभाव मे भगवान शादी बगैर नही छोड़ते अतः किसी ना किसी को मदद के लिए भेज देते है और अगर कही कोई जरूरतमंद कन्या शादी लायक है तो सेफ इंडिया फाउंडेशन के किसी भी सदस्य से संपर्क करें और शादी के लिए तारीख का कोई बंधन नही हैं पुरे साल किसी भी दिन शादी कराई जाती है।

# एमपीएस के निर्माण कार्य का निगम पार्षद ने किया शुभारम्भ

## एमपीएस के बनने के राई व लिवान गांव में पानी की निकासी से निजात मिलेगी : पुनीत राई

**टीम एक्शन इंडिया**

**राईः नगर** निगम के वार्ड 8 गांव राई में लगभग 14 करोड़ 30 लाख राशि की लागत से बनने वाले एमपीएस के निर्माण कार्य का निगम पार्षद पुनीत राई ने शुभारम्भ किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने कहा कि एमपीएस के बनने के बाद गांव राई व लिवान गांव में पानी की निकासी से निजात मिलेगी। नगर निगम के गांव राई व लिवान में रहने वाले लोगों को जल्द पानी निकासी की समस्या से राहत मिलेगी। मेन पंपिंग स्टेशन (एमपीएस) का निर्माण किया जाएगा। साथ ही लिवान में भी पानी निकासी के लिए एमपीएस बनाया जाएगा। इससे पानी निकासी



राठधना के पास स्थापित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) में की जाएगी। पुनीत राई ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हाई पावर वर्क्स कमेटी की बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। प्रदेश सरकार लगातार विकास कार्यों को पूरा करा रही है। पुनीत राई ने कहा कि एमपीएस का निर्माण होने से ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या खत्म हो जाएगी। राई व लिवान गांव के 10 हजार से अधिक लोगों के सामने पानी निकासी की

**विकास कार्य**

**8 मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हाई पावर वर्क्स कमेटी की बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी दी थी**

सबसे बड़ी समस्या है। कई बार तो राई गांव में जोहड़ ओवरफ्लो होने से दूषित पानी गलियों में भरा रहता था। बारिश के दिनों में समस्या और भी गंभीर हो जाती है। जोहड़ ओवरफ्लो होने से दूषित पानी राई औद्योगिक क्षेत्र के पास खाली पड़ी जमीन पर छोड़ दिया जाता है।

# पिछले 10 साल से खराब पड़ा है ट्यूबवैल, पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं टेहा के ग्रामीण

## सीएम विंडो व मुख्यमंत्री जनसंवाद में भी दर्ज करवा चुके हैं शिकायत, विभाग नहीं लगवा रहा ट्यूबवैल

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: टेहा** गांव में जनस्वास्थ्य विभाग का ट्यूबवैल पिछले 10 वर्षों से ठप्प पड़ा है। ऐसे में गांव में पेयजल सप्लाई बाधित है और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव में काफी हिस्से में सप्लाई के पानी की एक भी बूंद नहीं पहुंच पाती, जिससे उन्हें सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्राम पंचायत द्वारा टैंकर मंगवा कर गांव में पानी की सप्लाई करवाई जाती है। ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत सीएम विंडो व मुख्यमंत्री जनसंवाद में भी दर्ज करवाई जा चुकी है, लेकिन अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उनके गांव में ट्यूबवैल चालू करवाने का नाम नहीं ले रहे हैं। पेयजल समस्या को लेकर गुरुवार को टेहा के



ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए ट्यूबवैल चालू करवाने की मांग की है। ग्रामीण आनंद शर्मा, सुभाष, सुलतान सिंह, प्रेमचंद, गुलाब देवी, बाला आदि ने बताया कि उनके गांव जनस्वास्थ्य विभाग के ट्यूबवैल लंबे समय से ठप्प पड़ा है। जिस कारण ट्यूबवैल में पानी नही आता। पानी न आने के कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए तरसना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार के समय गांव में सबमर्सिबल पंप लगवाए थे, जिनसे वह गुजारा कर रहे थे, लेकिन उनमें से भी काफी पंप खराब हो चुके हैं। अब कई घरों में पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंचती, जिस वजह से उन्हें आस-पड़ोस से पानी

**परेशानी**

**8 ऐसे में गांव में पेयजल सप्लाई बाधित है और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है**

लाने को मजबूर होना पड़ता है। कई बार ग्राम पंचायत द्वारा पानी का टैंकर मंगवाया जाता है। जिसमें से पानी भरने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि वे पेयजल समस्या के समाधान को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कई बार मिले है, लेकिन उनकी समस्या को कोई समाधान नही हुआ। परेशान ग्रामीणों ने पेयजल समस्या के समाधान की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही पीने के पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन को मजबूर होंगे।

**ग्राम पंचायत भी लगातार उठा रही मांग**

गांव के सरपंच आशीष त्यागी ने बताया कि ग्राम पंचायत गांव में ट्यूबवैल शुरू करवाने के लिए प्रयासरत है। वह जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी से मिले थे तो उन्होंने बताया कि गांव में ट्यबवैल पास हो गया है, लेकिन बजट नहीं आया है। बजट कब तक आएगा इसके बारे में किसी को नहीं पता है। अधिकारियों को इस समस्या को गंभीरता से निपटाना चाहिए। फिलहाला ग्राम पंचायत की तरफ से पानी टैंकरों के मदद से पानी पहुंचवाया दिया जाता है।

# महिला अधिकारियों को पावरफुल वूमेन ऑफ हरियाणा अवार्ड से किया सम्मानित

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नारी तू नारायणी उत्थान समिति ने लघु सचिवालय में महिला अधिकारियों को नारी शक्ति अवार्ड 2024 से नवाजा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सविता आर्य ने की तथा बतौर मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त डॉ पंकज यादव ने शिरकत की ।उनके साथ जिला कल्याण अधिकारी जयपान सिंह हुड्डा रहे ।माननीय अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा सीटीएम टीनू पोसवाल, एचसीएस , ज्वाइंट कमिश्नर मनी त्यागी एचसीएस व



सुदेश राणा नायब तहसीलदार को सम्मानित करते हुए कहा कि महिलाओं के लिए आप मिसाल है। जिस समाज में महिलाओं को स्थान और सम्मान मिलेगा वही समाज आगे बढ़ेगा और सशक्त होगा।एक बेटे को शिक्षा देने से एक ही परिवार का भला होगा लेकिन एक बेटी को शिक्षा देने से दो परिवारो में शिक्षा जाती है।देश की संस्कृति भी नारी के सम्मान में है। नारी तू नारायणी उत्थान समिति ने उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य करने वाली महिला अधिकारियों एवम महिला विरुद्ध अपराध व जागरूकता कार्यक्रमों में विशेष भूमिका निभाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया।

## न्यूज फ्लैश

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षु मेला 2024 का आयोजन किया जाएगा

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

आगामी 11 मार्च को जीटी रोड पर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षु मेला 2024 का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन्न प्रतिष्ठद्दान भी भाग लेंगे। यह जानकारी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार ने दी।

### हिमाचल प्रदेश मंत्रिमण्डल के निर्णय



**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज यहां आयोजित प्रदेश मंत्रिमण्डल की बैठक में विधानसभा चुनाव-2022 के दौरान कांग्रेस पार्टी द्वारा महिलाओं से किए वायदे को पूरा करते हुए 18 से 59 वर्ष की पात्र महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि के रूप में 1500 रुपये प्रतिमाह देने को मंजूरी प्रदान की गई। इस निर्णय से प्रदेश की 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी पात्र महिलाओं को जीवनभर के लिए 1500 रुपये मासिक पैंशन के तहत लाया गया है।

मंत्रिमण्डल ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में एसएमसी शिक्षकों एवं कम्प्यूटर शिक्षकों के मुद्दों के दृष्टिगत बनाई गई मंत्रिमण्डलीय उप-समिति की सिफारिशों पर भी विचार-विमर्श किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 2401 एसएमसी शिक्षकों को सीमित सीधी भर्ती के माध्यम से अनुबंध आधार पर लाया जाएगा और उन्हें सरकार की नीति के तहत निर्धारित समयावधि में नियमित कर सरकारी सेवाओं में समावेशित किया जाएगा। मंत्रिमण्डल ने प्रवक्ता (कम्प्यूटर साईंस) के 985 पद भरने को भी स्वीकृति दी।

मंत्रिमण्डल ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास जताया तथा कहा कि सभी मंत्रिमण्डलीय सदस्य एकजुटता से उनके साथ खड़े हैं। मंत्रिमण्डल ने केंद्र सरकार द्वारा सरकारी तंत्र का इस्तेमाल कर लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई राज्य सरकार को कमजोर करने के प्रयासों की निंदा की। मंत्रिमण्डल ने भाजपा द्वारा अनैतिक तरीके अपनाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने की भी निंदा की।

बैठक में निर्णय लिया गया कि हिमाचल की जनता को भाजपा के दुष्प्रचार से अवगत करवाया जाएगा तथा मंत्रिमण्डल के सदस्यों ने एकमत से विश्वास जताया कि प्रदेश सरकार अपना पांच वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा करेगी।

मंत्रिमण्डल ने केंद्र सरकार से आपदा के बाद की आवश्यकताओं के आकलन के अनुसार अविलम्ब 9043 करोड़ रुपये जारी करने का भी आग्रह किया। यह राशि केंद्र सरकार के मानकों के अनुसार तैयार की गई है तथा मंत्रिमण्डल ने केंद्र द्वारा पूरी राशि जारी करने की उम्मीद जताई है।

बैठक में हिमाचल प्रदेश वन विभाग के इंजीनियरिंग स्टाफ के युक्तिकरण का निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि वन विभाग के इंजीनियरिंग स्टाफ के अधिकारी और कर्मचारी भर्ती एवं पदोन्नति नियमानुसार पदोन्नति के लिए पात्र हैं, उन्हें रिक्ति के आधार पर पदोन्नति दी जाए और इसके उपरांत उनकी सेवाएं दूसरे विभागों में ली जाएं।

बैठक में कांगड़ा जिला की ज्वालामुखी तहसील के भड़ोली को उप-तहसील बनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में जिला सोलन के दाड़लाघाट में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला कांगड़ा के ज्वालामुखी क्षेत्र के पिहारी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने को स्वीकृति प्रदान की गई।

मंत्रिमंडल ने जिला चम्बा के सूही मेला और साहो जातर को जिला स्तरीय मेला घोषित करने का भी निर्णय लिया।मंत्रिमंडल ने आईजीएमसी शिमला के रेडियो थेरेपी विभाग में मेडिकल फिजीसिस्ट के एक पद को स्तरोन्नत कर सहायक प्रोफेसर मेडिकल फिजिक्स करने का निर्णय लिया। बैठक में डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय टांडा जिला कांगड़ा के कार्डियोलोजी विभाग में सहायक प्रोफेसर का एक पद सृजित कर भरने का निर्णय लिया गया।

बैठक में हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण शिमला मण्डल-तीन से सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक चमियाणा के प्रशासनिक नियंत्रण को विंटर फील्ड उपमण्डल के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण शिमला मण्डल-1 में करने का निर्णय लिया। बैठक में हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग शिमला मण्डल-1 के अंतर्गत आने वाले छोटा शिमला अनुभाग के नियंत्रण को लोक निर्माण विभाग के मण्डल-3 के अंतर्गत विंटर फील्ड स्थित उपमण्डल-7 में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 24 परियोजनाओं का उद्घाटन किया

**सौगात**

8 मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वीरवार को वर्चुअल माध्यम से 24 विभिन्न परियोजनाओं की सौगात जिला को दी।

**कमाल हुसैन**
**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वीरवार को वर्चुअल माध्यम से 24 विभिन्न परियोजनाओं की सौगात जिला को दी। इनमें विभिन्न खंडों की 17 परियोजनाओं का उद्घाटन किया व 7 परियोजनाओं की आधारशीला रखी गई। इन परियोजनाओं पर 115 करोड़ 58 लाख 86 हजार की लागत का अनुमान है। जिला सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद, कृष्ण लाल पंवार, शहरी विधायक प्रमोद विज, भाजपा नेता हरपाल ढांडा का बुके देकर स्वागत किया गया।



राज्य सभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में विकास का नया अध्याय लिखा गया है। मुख्यमंत्री ने करोड़ों रुपये की सौगात देकर नगरी को विकास की नई गति प्रदान की है। पूरे प्रदेश में विकासात्मक माहौल है। मुख्यमंत्री एक नजरीये से 90 विधानसभा क्षेत्रों में समान विकास करवा रहे हैं। प्रदेश में 90 प्रतिशत गांव ऐसे हैं जहां ग्रामीणों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जा रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा धरातल पर कार्य किया जा रहा है। पूरे प्रदेश में विकास की गति साफ दिखाई पड़ रही है। यमुना नदी पर हथवाला के पास पुल 87 करोड़ की लागत से तैयार हुआ है। इसके बनने से भविष्य के नए द्वार खुलेंगे। उत्तर प्रदेश व हरियाणा की जनता को खास कर उद्यमियों को काफी लाभ पहुंचेगा। उन्होंने बताय कि रेरकलां मे सब स्टेशन बनाया जा रहा है। इससे लोगों काफी फायदा होगा।

### मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने वर्चुअल माध्यम से इन 7 परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**अतौलापुर** से छाजपुर खुर्द तक नई सडक की आधारशिला रखी गई जिसकी लागत 165.69 लाख।बीडपीओ कार्यालय मडलौडा की आधारशिला रखी गई जिसकी लागत 259.21 लाख। अतौलापुर से जलालपुर तक नई सडक की आधारशिला रखी गई जिसकी लागत 115.74 लाख। गन्नौर-शाहपुर सडक के नवीनीकरण की आधारशिला रखी गई जिसकी लागत 566.18 लाख। भैसवाल अप्रोच सडक पर कंक्रीट ब्लॉक के काम की आधारशिला रखी गई जिसकी लागत 388.16 लाख। रजापुर से ददलाना सडक के नवीनीकरण की आधारशिला रखी गई जिसकी लागत 102.00 लाख। शिमला-मौलाना से चंदौली तक सडक के नवीनीकरण की आधारशिला रखी गई जिसकी लागत 190.83 लाख।

कार्यक्रम में शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा कि पानीपत को विकास पुरुष मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नगरी को अनेक सौगात दी है व जल्द ही मुख्यमंत्री पानीपत को इंडोर स्टेडियम व सभागार की सौगात देने वाले है इसकी मात्र औपचारिकता बाकी है। उन्होंने कहा कि असंध पुल पर फ्लाई ओवर बनने से काफी हद तक ट्रैफिक की समस्या का निदान होगा।

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि सभी विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाया जायेगा। संबंधित विभाग के अधिकारी कार्यों को लेकर हमेशा से सजग हैं व व्यक्तिगत रूचि इनको अंजाम दे रहे हैं। इस मौके पर पिछले 9 वर्षो की विकासात्मक फिल्म भी दिखाई गई। कार्यक्रम के समापन पर अतिरिक्त उपायुक्त पंकज यादव ने अतिथिगणों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में यूएचबीवीएन के निदेशक ऑप्रेशन अश्वनी रहेजा और निदेशक प्रोजेक्ट एस.के. चावला, एमडीशुगर मिल जगदीप सिंह, एसडीएम मनदीप सिंह, सीटीएम टीनू पौशवाल, निगम की संयुक्त-आयुक्त मनी त्यागी, सीएमओ डॉ. जयंत आहुजा, ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा, सामाजिक कार्यकर्ता रंजिता कौशिक मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने वर्चुअल माध्यम से इन परियोजनाओं का किया गया उद्द्घाटन

हथवाला यमुना पुल व समालखा से आटा सडक का उद्द्घाटन किया

## जिला अग्रणी बैंक कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**कमाल हुसैन**
**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया** हरियाणा महिला विकास निगम पानीपत द्वारा जिला अग्रणी बैंक कार्यालय प्रागण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों ने भाग लिया तथा अपने अपने विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को सांझा किया। इस अवसर पर सभी मत्वपूर्ण विभागों ने अपनी योजनाओं को महिलाओं के विकास के लिए एक नव दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत किया तथा नई परियोजनाओं, आपसी महयोगिता व सहयोग द्वारा महिलाओं के विकास के लिए नए मार्ग निर्मित करने की दिशा में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन के लिए महिला विकास निगम, हरिजन कल्याण निगम, पिछडा वर्ग कल्याण निगम, मत्स्य विभाग, शिक्षा विभाग, एनयूएलएम, कृषि विभाग, पीएनबी आरएसईटीआई,नाबार्ड, केवीआईसी, एमएसएमई, पशु पालन विभाग इत्यादि विभागों ने चर्चा में भाग लिया व अपनी योजनायें बताई। इस अवसर पर जिला अग्रणी प्रबंधक तुलाराम, छ्ष्ठरू नाबार्ड हिमांशु मत्स्य विभाग से अनुज तथा जिला प्रबंधक हरियाणा महिला विकास निगम रोहिता धारू, मनोज कुमार, वीरेंन्द्र पाल, सीमा देवी, फरमीना इत्यादि सभी उपस्थित थे।



## लोक अदालत का किया जाएगा आयोजन

**पानीपत, कमाल हुसैन/टीम एक्शन इंडिया**

आगामी 9 मार्च को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला सत्र एवं न्यायधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 मार्च शनिवार को प्रातः 11 बजे न्यायिक परिसर पानीपत और समालखा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह वर्ष 2024 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत होगी।

उन्होंने बताया कि इसमें विभिन्न पीठाशीन अधिकारी अपनी कोर्ट में आयोजित लोक अदालत में विभिन्न केसों की सुनवाई आपसी सहमती से सम्पन्न करवाएंगे।

## हरियाणा के क्रांतिवीर नाटक का मंचन, इतिहास में छूट चुके शहीदों को नमन किया

***समालखा 7 मार्च ( कुलदीप सिंह ) /टीम एक्शन इंडिया**

इतिहास के पीले पन्ने अधूरे हैं। क्योंकि इन पन्नों पर हरियाणा के उन वीर बलिदानियों का जिक्र ही नहीं है, जिनकी वजह से आज हम आजाद हैं। हरियाणा के वीर बलिदानियों को इतिहास ने भुला दिया। लेकिन सफीदों रास कला मंच टीम ने उन शहीदों के बारे में एक साल तक जानकारियां एकत्र कीं। उसे एक नाटक में पिरोया। हरियाणा के क्रांतिवीर नाटक के माध्यम से वीर बलिदानियों को नमन किया गया।

पाइट कॉलेज में 13वें चलो थियेटर उत्सव के छठे दिन इस नाटक का मंचन किया गया। रास कला मंच के निदेशक रवि मोहन ने इसे निर्देशित किया और पवन भारत ने यह नाटक लिखा है। नाटक में दो सूत्रधार होते हैं, जो हमारे वीर बलिदानियों के बारे में रागिणी एवं कथा के माध्यम से बताते चलते हैं। सोनीपत के उदमी राम की कहानी, रोहतक के पंडित नेकी राम का किस्सा हो या फिर बल्लभगढ़ के राजा नाहर सिंह। रेवाड़ी के राव तुलाराम से लेकर मिर्जा मुकीम चंद्र बेग के बारे में जब नाटक का मंचन होता है, दर्शकों की आंखें भी नम हो जाती हैं। उदमी राम और उनकी पत्नी को पीपल के पेड़ से बांधकर कीलों से ठोंक दिया जाता है। राजा नाहर सिंह ने जब गुलामी नहीं स्वीकारी तो चांदनी चौक पर उन्हें फांसी चढ़ाया गया।



*आज पश्मीना नाटक का मंचन*

पाइट कॉलेज में चलो थियेटर महोत्सव के सातवें एवं अंतिम दिन सात मार्च को पश्मीना नाटक का मंचन किया जाएगा। हरियाणा के क्रांतिवीर नाटक का निर्देशन रास कला मंच के निदेशक रवि मोहन ने किया है। पवन भारद्वाज

# उपायुक्त ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा योजना की समीक्षात्मक बैठक ली

**दिशा-निर्देश**

8 -किसी भी प्रकार की शिकायत न रहे लंबित, गिरदावरी का कार्य समयबद्धता के साथ करें पूर्ण

**-किसी भी प्रकार की शिकायत न रहे लंबित, गिरदावरी का कार्य समयबद्धता के साथ करें पूर्ण**

**-डा. बीआर अंबेदकर नवीनीकरण आवास योजना के तहत आने वाले आवेदनों की करें वैरिफिकेशन**

**-वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मेरी फसल मेरा ब्यौरा व अंबेदकर नवीनीकरण योजनाओं की समीक्षा की**



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने निर्देश दिए कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा तथा डा. बीआर अंबेदकर नवीनीकरण आवास योजनाओं के तहत वैरिफिकेशन का कार्य समयबद्धता के साथ पूर्ण करें, ताकि आवेदकों को योजनाओं का लाभ मिल सके। इसमें किसी भी प्रकार की ढ़िलाई स्वीकार्य नहीं है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर ने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मेरी फसल मेरा ब्यौरा तथा डा. बीआर अंबेदकर नवीनीकरण आवास योजनाओं प्रदेश स्तरीय समीक्षात्मक बैठक लेते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने प्राप्त दिशा-निदेशों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा देते हुए कहा कि योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि वे इनका लाभ उठा सकें।वीडियो कान्फ्रेंस के उपरांत उपायुक्त ने कैंप कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए दोनों योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें। पंजीकृत किसानों को ही सरकार की योजनाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही आपदा की स्थिति में मुआवजा लेने के लिए भी पंजीकरण जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिए कि क्रॉप वैरिफिकेशन का कार्य गंभीरता के साथ पूर्ण करें। साथ में गिरदावरी का काम भी समयबद्धता के साथ पूरा करें।

इस दौरान उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने डा. बीआर अंबेदकर नवीनीकरण आवास योजना की प्रगति रिपोर्ट भी ली। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, तहसीलदार, बीडीपीओ उन्हें मिले आवेदकों के आवेदनों की वैरिफिकेशन का कार्य जल्द पूरा करें।

पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ अवश्य मिलना चाहिए। इसलिए संवेदनशीलता के साथ इस कार्य को करें। कोई भी पात्र व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए।

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, एसडीएम निर्मल नागर, एसडीएम अमित कुमार, डीआरओ हरिओम अत्री, तहसीलदार जिवेंद्र मलिक व मनोज कुमार, नायब तहसीलदार प्रदीप अहलावत व अंकित आदि संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## 1352 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए लेटर ऑफ अवाड्र्स प्राप्त किए



**शिमला**

एसजेवीएन ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अधीनस्?थ कंपनी एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एसजीईएल) के माध्यम से विकसित की जाने वाली 1352 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए लेटर ऑफ अवाड्र्स (एलओए) प्राप्त किए।

ये लेटर ऑफ अवाड्र्स (एलओए) मुंबई में महाराष्ट्र के माननीय उप मुख्यमंत्री, श्री देवेन्द्र फड़नवीस, एसजेवीएन के निदेशक (वित्त), श्री अखिलेश्वर सिंह और एसजीईएल के सीईओ, श्री अजय सिंह की गरिमामय उपस्थिति में प्राप्त किए गए। इस अवसर पर राज्य के वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति और एमएसईडीसीएल और एसजीईएल के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

श्रीमती गीता कपूर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एसजेवीएन ने बताया कि 1352 मेगावाट की ये परियोजनाएं महाराष्ट्र के नासिक, सोलापुर, अहमदनगर और पुणे जिलों में विभिन्न स्थानों पर मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना 2.0 के तहत विकसित की जाएंगी। ये परियोजनाएं एसजीईएल द्वारा एमएसईबी एग्रो पावर लिमिटेड, महाराष्ट्र द्वारा जारी निविदा में प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से हासिल की गई हैं। निविदा की कुल क्षमता 7000 मेगावाट थी और एसजीईएल ने 1500 मेगावाट; राउंड वन में 500 मेगावाट और राउंड टू में 1000 मेगावाट के लिए हिस्सा लिया।

## सडक दुर्घटना में घायल का 48 घंटे तक होगा निःशुल्क इलाज

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि प्रदेश की सडकों को आमजन के लिए सुरक्षित बनाना हमारी प्राथमिकताओं में से एक है। ऐसे में जरूरी है कि सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए एक बेहतर और प्रभावी कार्य योजना तैयार कर उस पर काम किया जाए। कपूर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने, लेन ड्राइविंग, स्पीड लिमिट, अनाधिकृत तरीके से रेड लाइट तथा सायरन का इस्तेमाल रोकने, वे-इन-मोशन मशीन इनस्टॉल करने तथा संजया एप पर डेटा अपलोड करने सहित कई अन्य विषयों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति का शुरूआती 48 घंटे में निःशुल्क ईलाज करवाने के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई।

## मुख्यमंत्री सौंदर्यकरण पुरस्कार प्रोत्साहन योजना में मिला पुरस्कार

**कमाल हुसैन**
**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यकरण पुरस्कार प्रोत्साहन योजना के लिए राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला ददलाना को प्रथम पुरस्कार मिला है। जिसके लिए पाठशाला को एक लाख रुपए की राशि प्रोत्साहन स्वरूप मिलेगी यह जानकारी विद्यालय के मुख्याध्यापक सतीश कुमार ने दी। मुख्याध्यापक सतीश कुमार ने बताया कि खंड स्तर पर प्रथम आने के बाद जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी पानीपत राकेश बूरा की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा गत 27 फरवरी को जिला स्तरीय मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यकरण पुरस्कार प्रोत्साहन योजना के लिए विद्यालय का निरीक्षण किया गया था। इस निरीक्षण जांच में कमेटी द्वारा स्कूल के भवन, कार्यालय, चारदीवारी, पीने के पानी की व्यवस्था, पानी की निकासी, विद्यालय की साफ सफाई की व्यवस्था,नैनो-हर्बल गार्डन, जल संरक्षण, खेल मैदान और विद्यालय के रिकार्ड की जांच की गई थी। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर प्रथम आने पर स्टाफ सदस्यों, बच्चों के साथ-साथ ग्रामीणों में भी खुशी का माहौल है। मुख्याध्यापक सतीश कुमार ने चरणजीत राणा प्रतिनिधि सरपंच ग्राम पंचायत ददलाना, भगवान दास राणा ददलाना, दीपक राणा चेयरमैन ब्लॉक समिति पानीपत व ग्रामीणों की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय के जिला स्तर पर प्रथम आने के लिए ग्रामीणों का भरपूर सहयोग है। और ऐसा ही सहयोग आगे भी ग्रामीणों द्वारा हमें मिलता रहेगा। सतीश कुमार ने विशेष रूप से बिजेन्दर सिंह हुड्डा खंड शिक्षा अधिकारी पानीपत, विक्रम सिंह सहरावत खंड परियोजना अधिकारी बी. आर. सी पानीपत व विद्यालय में नैनो हर्बल गार्डन स्थापित करने के लिए ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार सहित सभी का आभार व्यक्त किया।



# सेंसोरियम स्कूल परिसर में आशियाना फाउंडेशन ने मनाया महिला दिवस

**महिला दिवस**

8 अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में नये उभरते प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया ।

**कमाल हुसैन**
**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

उक्त जानकारी देते हुए फाउंडेशन नीरू भारद्वाज ने बताया कि आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया । इस कार्यक्रम में नये उभरते प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया । फाउंडेशन अध्यक्ष दीपा भारद्वाज का सभी महिलाओं ने धन्यवाद किया कि वह इस तरह के कार्यक्रम आयोजन करती रहती है जिससे महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा भी मिलती है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमति मंजु यादव जी रहे । फाउंडेशन की उपाध्यक्ष सुमन चौहान ने फाउंडेशन के बारे में विस्तार जानकारी दी व फाउंडेशन परिवार में सबका स्वागत भी किया। मंच संचालन नीरू भारद्वाज ने किया । महिलाओं को दुपट्टा व स्मृति चिन्ह देकर मान बढ़ाया। सम्मान की कढ़ी में गरिमा भारद्वाज, स्वीटी चौहान, अनुराधा यादव, यशवनी, रेखा शर्मा, भावना भारद्वाज, सशी जुनेजा, गुड्डी, नीतू चौधरी, सुमन चौहान, सुमन यादव, डॉ कविता गुप्ता, विनीता पीपल, हेमलता, उर्वशी, प्रियंका, कृपा जेमिनी आदि अनेकों महिलायें रही। ये सभी महिलायें अनेक क्षेत्रों में कार्यरत है जैसे ब्यूटीशियन, टेलर, फैक्ट्री, शिक्षा सामाजिक संस्था, राजनीतिक आदि।



# धनखड़ ने छुछक मिले एक लाख रुपए ई-लाईब्रेरी को किए दान

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने दान करने के संस्कारों को आगे बढ़ाते हुए छुछक में मिले एक लाख रुपए गांव की ई-लाईब्रेरी को दान कर दिए दिए हैं। बुधवार को ढाकला में आयोजित बालक तेजस के जन्मोत्सव दशौटन उत्सव में तेजस के मामा द्वारा एक लाख रुपए बतौर छुछक के दिए थे। उसी समय धनखड़ परिवार ने क्षेत्र की सरदारी के समक्ष छुछक के एक लाख रुपए ढ़ाकला गांव की ई-लाईब्रेरी को सौंप दिए। धनखड़ ने कहा कि ई-लाईब्रेरी में गांव के युवा पढ़ने के लिए आते हैं। इन पैसों से युवाओं की जरूरत के अनुसार लाईब्रेरी प्रबंधन पुस्तक या अन्य सामान खरीद सकेगा। उल्लेखनीय है कि धनखड़ ने अपने पैतृक गांव में अपने पिताजी वैद्य मोहबत के जन्मदिवस पर उनके नाम से ई-लाईब्रेरी स्थापित की थी ताकि गांव व आस पास के गांवों के युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी गांव में ही बेहतर तरीके से कर सकें। यहां गौरतलब है कि धनखड़ ने अपने सुपुत्र आदित्य की शादी में भात में मिले सुपर सीडर को भी उसी दिन क्षेत्र के किसानों के उपयोग के लिए दान कर दिया था। क्षेत्र की मौजूद सरदारी ने धनखड़ के निर्णय का स्वागत किया।



भाजपा के राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने कहा कि दान करना हिंदू संस्कृति में पुण्य का कार्य माना गया है। हमारी पार्टी में भी यहीं सिखाया जाता है कि पहले समाज और देश का हित, बाद में परिवार का हित।

# केवल पार्क: श्रीराम कथा में मुख्य प्रसंग रहा राम वनवास







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले केवल पार्क में संगीतमय श्रीरामकथा का आयोजन किया जा रहा है। पिछले 11 वर्षों से निरंतर जारी इस कथा की गिनती क्षेत्र के प्रतिष्ठित कथा आयोजनों में किया जाता है।

**प्रभु कृपा कथा समिति कर रही है आयोजन:** कथा का आयोजन प्रभु कृपा कथा समिति, आदर्श नगर के द्वारा किया जा रहा है। यह कथा 2 मार्च से शुरू हुई है और 10 मार्च तक चलेगी। इस कथा का आयोजन पिछले 11 वर्षों से नियमित हो रहा है।

**कार्यक्रम में अयोध्या कांड रहा विशेष प्रसंग:** 2 मार्च से शुरू हुई श्रीराम कथा का 6वां दिवस था, जिसमें हिमेश शास्त्री जी महाराज के मुख से अयोध्या कांड की कथा सुनाई गई। महाराज जी ने बताया कि प्रभु राम के विवाह के कुछ पश्चात राजा दशरथ ने राम का राज्याभिषेक




करना चाहा। इस पर देवताओं को चिंता हुई कि राम को राज्य मिल जाने पर रावण का वध असम्भव हो जायेगा। व्याकुल होकर उन्होंने देवी सरस्वती से किसी प्रकार के उपाय करने की प्रार्थना की। सरस्वती ने मन्थरा, जो कि कैकेयी की दासी थी, की बुद्धि को फेर दिया। मन्थरा की सलाह से कैकेयी कोपभवन में चली गई। दशरथ जब मनाने आये तो कैकेयी ने उनसे वरदान मांगे कि भरत को राजा बनाया जाये और राम को चौदह वर्षों के लिये वनवास में भेज दिया जाये।

**समिति कर रही हैं 11वीं कथा का आयोजन:** समिति के मचेयरमैन सीता राम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रभु कृपा कथा समिति के द्वारा यह 11वीं कथा का आयोजन किया जा रहा है। मैं कथा में आये हुए सभी भक्तों का धन्यवाद करता हूं।

**मुख्य अतिथि रहे मौजूद:** सिविल लाइन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी, निगम पार्षद नेहा अग्रवाल, दिल्ली पैरामेडिकल बोर्ड के चेयरमैन डॉ. प्रदीप अगवाल, पूर्व पार्षद गरीमा गुप्ता, अरूणोदय गुप्ता, आप नेता गुरमीत अरोड़ा, इसके अतिरिक्त प्रभु कृपा कथा समिति, आदर्श नगर के चेयरमैन सीताराम शर्मा, अजय गोयल प्रधान, गोपाल खनेजा महासचिव, राजेन्द्र अगवाल कोषाध्यक्ष, सहकोषाध्यक्ष राम अवतार गुप्ता, मुख्य संरक्षक रामकरण कंसल, प्रकाश चंद अग्रवाल मुख्य संयोजक, जगदीश छाबड़ा सहसंयोजक, सुरेश बंसल मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर हजारों श्रद्धालुओं ने श्रीराम कथा का रसपान कर भगवान श्रीराम का आर्शिवाद प्राप्त किया।



**नवीन त्यागी, पूर्व चेयरमैन सिविल लाइन जोन: भक्ति में शक्ति होती है, इसलिए सभी को सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करनी चाहिए। जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है, प्रभु उसकी मनोकामनाएं अवश्य ही पूर्ण करते है।**



**नेहा अग्रवाल, निगम पार्षद: प्रभु श्रीराम सभी के आराध्य हैं। हम सभी को भगवान राम के आदर्शों का पालन करना चाहिए और उनके दिखाएं हुए सद्मार्ग पर चलना चाहिए। मैं कथा आयोजकों को सफलतापूर्वक कथा संचालन की बधाई देती हूं।**



**सीताराम शर्मा, चेयरमैन: परम श्रद्धेय हिमेश शास्त्री जी महाराज के द्वारा प्रभु श्रीराम की लीला का वर्णन संगीतमय तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारें।**




**अजय गोयल, प्रधान: कथा में आये हुए सभी भक्तों का पहले तो मैं धन्यवाद करना चाहता हूं और कहना चाहता हूं सभी भक्ति में लीन रहे और अपना जीवन नेक व पुण्य के कार्यों में लगाये। भगवान राम सभी को सद्मार्ग पर लें चलें।**

# एआईसीसी ने किया विधानसभा स्तर पर ब्लॉक अध्यक्षों का चयन

**टीम एक्शन इंड़िया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव में चांदनी चौकसभा सीट से भाजपा ने अपने उम्मीदवार की घोषणा तो कर दी है, तो वहीं इसी सीट पर कांग्रेस की ओर से किसको प्रत्याशी बनाकर प्रवीण खंडेलवाल के सामने चुनावी मैदान में उतारा जाए, इस बात को लेकर गहन मंथन चल रहा है। इस क्रम में पार्टी ने ब्लॉक अध्यक्षों का चयन कर दिया है।

**ब्लॉक अध्यक्षों का हुआ चयन:** कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार को मजबूती दिलाने के लिए ब्लॉक स्तर पर पदाधिकारियों की तैनाती कर दी है। इसी क्रम में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित राणा प्रताप बाग से जज कुमार डाबर को ब्लॉक अध्यक्ष




नियुक्त किया है। तो वहीं, मॉडल टाउन से ब्लॉक अध्यक्ष के तौर रमेश शर्मा को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है।

इस मौके पर जेके डाबर ने कहा कि कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी पूर्ण रूप से उठाउंगा और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा।

**नाराज चल रहे कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाएगा:** उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। वहीं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी

**जिम्मेदारी**

**8 राणा प्रताप बाग से जेके डाबर को ब्लॉक अध्यक्ष किया नियुक्त, मॉडल टाउन से रमेश शर्मा को दी जिम्मेदारी**

दिए जाने से यह उम्मीद लगाई जा रही है कि इसके सहारे जहां एक ओर पार्टी संगठन से दूर हो चले वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठन में सक्रिय किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर रमेश शर्मा ने बताया कि ब्लॉक के युवा मतदाताओं को भी कांग्रेस पार्टी से ज्यादा से ज्यादा जोड़ा जाएगा। बतादें कि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने के बाद से उन्हें बधाई देने का सिलसिला जारी है।

# चांदनी चौक सीट से जीत दर्ज करेंगे खंडेलवाल: संजय शर्मा

**टीम एक्शन इडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव बिल्कुल सिर पर है। ऐसे में होने सभी पार्टियां अपनी अपनी तैयारियों में जुटी हुई है। भाजपा ने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिये है। इसी कड़ी में चांदनी चौक लोकसभा सीट से भाजपा ने सांसद उम्मीदवार बनाकर प्रवीण खंडेलवाल को चुनावी मैदान में उतारा है, जिसके बाद पार्टी के कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता है।

**मंजू शर्मा, संजय शर्मा ने दी बधाई:** इसी दौरान त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले त्रीनगर वार्ड नंबर-63 से पूर्व निगम पार्षद मंजू संजय शर्मा व भाजपा नेता संजय शर्मा भाजपा कार्यालय में बधाई देने पहुंचे और



खंडेलवाल को यह भी आश्वासन दिया कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े है। चुनाव जिताने

**बधाई दी**

**8 भाजपा नेता संजय शर्मा ने कार्यालय अशोक विहार में बधाई देने पहुंचे व खंडेलवाल की जीत की ठोकी ताल**

के लिए दिन-रात मेहनत करेंगे। इस मौके पर पूर्व पार्षद मंजू संजय शर्मा ने कहा कि भाजपा कोई राजनीतिक पार्टी नही है बल्कि एक परिवार है और हम सभी एक दूसरे के लिए साथ खड़े रहते हैं, वहीं संजय ने कहा कि हमारे भाजपा परिवार का ही एक सदस्य चुनाव में खड़ा है जिसको जिताने के लिए हम भरसक प्रयासरत रहेंगे।

# नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में महिलाओं ने सुना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन






**टीम एक्शन इंड़िया**

**नई दिल्ली:** मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मॉडल टाउन वार्ड नंबर-68 स्थित डेरावाल नगर में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय निगम पार्षद विकेश सेठी के अतिरिक्त क्षेत्र की सैंकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं। इस दौरान महिला कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को सुना। कार्यक्रम की संयोजिका महिला नेता मनी असड़ी बहल रही।

**सैंकड़ों महिलाएं रही मौजूद:** इस कार्यक्रम के दौरान वार्ड नंबर-68 से निगम पार्षद विकेश सेठी, वार्ड नंबर-68 से मंडल अध्यक्ष सुभाष असड़ी, भाजपा नेता हरीष असड़ी, कार्यक्रम संयोजिका मनी असड़ी बहल, मॉडल टाउन से महिला मोर्चा अध्यक्ष वीना बहल, मंडल मंत्री श्वेता जैन, माहिनी शर्मा महिला मोर्चा पूर्व मंडल अध्यक्ष, शैफाली तनेजा मनचंदा, जिला चांदनी चौक महिला मोर्चा से उपाध्यक्ष संजना,रश्मि बजाज, कमला कोचर, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय मित्तल, लज्जा राम साहू, मनप्रीत सिंह सहित क्षेत्र की अन्य महिला कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रही।

इस मौके पर संयोजिका मनी असड़ी बहल ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में चांदनी चौक के उम्मीदार डा. हर्षवर्धन को मॉडल टाउन क्षेत्र से 18 हजार वोट मिले थे और इस बार हमारे उम्मीदवार प्रवीण खंडेलवाल को मॉडल टाउन वार्ड से 25 हजार वोट दिलावने का प्रण किया है।

# नरेला: धूमधाम से हुआ नमो युवा चौपाल का आयोजन




नई दिल्ली: बाहरी दिल्ली के नरेला में बस स्टैंड के पास स्थित ठोलेदार मार्केट में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा भाजपा युवा नेता अंकु विजय भगत की अगवाई में नमो युवा चौपाल का आयोजन किया गया।

चौपाल के माध्यम से युवा मतदाताओं के बीच केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। युवा चौपाल में मुख्य अतिथि प्रदीप ठोलेदार का पटका पहनाकर पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। युवाओं को संबोधित करते हुए प्रदीप ठोलेदार ने कहा कि समूचा देश लगातार तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेकर बैठा हुआ है। जिसके चलते विपक्षी पार्टियों का मौका परस्त गठबंधन पूरी तरह सफल होना तय हैं। भाजपा युवा नेता अंकु विजय भगत ने समस्त युवाओं से कहा कि वह ही भाजपा की रीढ की हड्डी है, जिसके चलते युवा पार्टी के लिए सदैव सर्वोपरि रहा है। इस दौरान 400 पार पर भी चर्चा की गई। युवा चौपाल में सत्यवीर खत्री, रामबाबू, पारस खत्री सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पांच मुस्लिम युवकों की पिटाई मामले में पुलिस को फटकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हिंसा के दौरान राष्ट्रगान गाने का दबाव बनाने के लिए पांच मुस्लिम युवकों की पिटाई करने के मामले में दिल्ली पुलिस को फटकार लगाते हुए कहा है कि वो फॉरेंसिक रिपोर्ट के लिए लंबे समय तक इंतजार नहीं कर सकती है। जस्टिस अनूप जयराम भांभानी की बेंच ने इस मामले में तीन अप्रैल को इन-चैंबर सुनवाई करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की ओर से पेश वकील ने कहा कि नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी गुजरात के यहां से कुछ वीडियो फुटेज के फॉरेंसिक रिपोर्ट आने बाकी है। इस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कोर्ट गुजरात में चल रहे फॉरेंसिक जांच पर रोक लगा सकती है। कोर्ट फॉरेंसिक रिपोर्ट के लिए अंतहीन इंतजार नहीं कर सकती है। इसके लिए कुछ समय तय होना चाहिए। फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार पिछले दस महीने से किया जा रहा है, आखिर ये इंतजार कब खत्म होगा। पहले दिल्ली से फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा था और अब गुजरात से। इसके पहले कोर्ट ने मुस्लिम युवकों की पिटाई करने वाले पुलिसकर्मियों की पहचान कर जांच करने के मामले में लचर जांच पर दिल्ली पुलिस को फटकार लगाई थी।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 08 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# गरीब, दलित और वंचितों को पीएम मोदी ने दिलाया उनका अधिकार: सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**आगरा:** योगी सरकार ने आगरा वासियों को करीब 5200 करोड़ रुपए की 124 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कोठी मीना बाजार मैदान में आयोजित कार्यक्रम में इन सभी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने देश के दबे कुचले लोगों का हित किया। आज बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का सम्मान हो रहा है। बाबा साहेब का सम्मान का मतलब दबे कुचले लोगों का सम्मान, संविधान का सम्मान। कोठी मीना बाजार मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस समाज के बारे में सोचना पार्टी और उसकी आत्मियता को प्रदर्शित करता है। पिछले 10 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में एक नए भारत का हम दर्शन कर रहे हैं। एक ऐसा भारत जो जाति, मत, मजहब और भाषा के आधार पर नही बल्कि, इसके अंदर एक ही मंत्र के आधार पर हर गांव, हर गरीब, हर किसान हर नौजवान और महिला सभी को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर के



सम्मानजनक जीवन यापन करने के लिए उन्हें आगे बढ़ने के लिए कार्य करता है। वो मंत्र है, सबका साथ और सबका विकास। सर्व हिताय और सर्वजन सुखाय का वो भाव जो मोदी जी ने सबके विकास के मंत्र के माध्यम से देश को दिया था।आज मैं में दावे से कह सकता हूं, कि आजादी के बाद भी हमारा जो समाज दबा हुआ था, वंचित था। समाज की मुख्यधारा से अपने आपको विकसित महसूस करता था। आज उसे लगता है कि जब डॉ. बीआर आंबेडकर जी के नाम पर मोदी के द्वारा पंच तीर्थ की घोषणा होती है और उन्हें मूर्त रूप दिया जाता है। उसे भी एहसास होता है कि देखिए बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का सम्मान का मतलब देश के संविधान का सम्मान, भारत की संसदीय प्रणाली का सम्मान और देश के कोटि- कोटि उन दबे कुचले उन लोगों को एक आवाज देने का कार्य प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया। आपने देखा हो कि भगवान राम के साथ संवाद बनाने वाले जो एक त्रिकालदर्शी ऋषि थे, तो उनका नाम था महर्षि वाल्मिकी। और जब अयोध्या में राम जन्मभूमि 500 वर्षों का इतंजार समाप्त भव्य रामलला के दर्शन जनसाधारण को कराने की बारी आयी तो सबसे पहले मोदी जी ने महर्षि

**सम्मान**

**पीएम मोदी के नेतृत्व में बीते 10 सालों में नए भारत के हो रहे दर्शन, आज बाबा साहब का सम्मान हो रहा, संविधान का सम्मान हो रहा**

वाल्मीकि जी के नाम पर अयोध्या के इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नामकरण किया। ये पहली बार हुआ कि महर्षि वाल्मीकि के नाम पर इंटरनेशनल एयरपोर्ट बना। ये पहले नही हो पाया, लेकिन मोदी जी ने किया। अब आप जब अयोध्या जाएंगे, तो पहले दर्शन आपको महर्षि वाल्मीकि के होंगे। काशी मे सीरगोवर्धन, सदगुरू संत रविदास जी की पावन भूमि है। इस जमीन पर विवाद था। पहले की सरकारें कुछ नही कर पा रही थी।जब मोदी जी सांसद बने काशी से, तो उन्होंने संकल्प लिया कि इसके लिए हमें कुछ करना है। आज वहां का परिणाम है कि आज वहां पर संत रविदास महाराज की 25 फुट ऊंची प्रतिमा का लोकार्पण कर दिया है।

# धारा 370 हटने का मतलब, अब जम्मू में भी एससी को मिलेगा आरक्षण: जेपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**आगरा:** भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित वर्ग के राष्ट्रीय अधिवेशन में बृहस्पतिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि विपक्ष को जेल और बेल यात्रा पर जाने दीजिए। आप कमल खिलाएं और भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाएं। आगरा के कोठी मीना बाजार मैदान में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन के सहारे भाजपा ने अनुसूचित वर्ग के लिए किए जा रहे कार्यों को गिनाया। इस दौरान उन्होंने जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाने से अनुसूचित वर्ग के लोगों को वहां बसने और चुनाव लड़ने का अधिकार दिलाने की बात कही। भाजपा के अनुसूचित मोर्चा का राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब का अपमान किया। जेपी नड्डा ने राजनीति में परिवारवाद पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में पीएम मोदी ने



**विकास कार्य**

**आगरा में आयोजित भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अधिवेशन में हुए शामिल जेपी नड्डा**

छात्रवृत्ति बढ़ाने का काम किया। छात्रों के रहने के लिए 173 करोड़ रुपए खर्च करके हॉस्टल बनाए गए। प्री-कोचिंग का हर साल 20 हजार छात्र फायदा उठा रहे हैं। मुद्रा योजना का लाभ उठाने में हमारे एससी के 18% भाई हैं। ये खुशी की बात है। आज 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ गए हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि नेहरू जी ने खुद को भारत रत्न दिया। इंदिरा गांधी ने भी खुद को भारत रत्न दे डाला। लेकिन आंबेडकर जी को नहीं दिया। जब तक हमारी सरकार नहीं आई। हमारी सरकार में ही बाबा साहेब को भारत रत्न दिया। कांग्रेस तो बाबा साहेब का अपमान करती रही।

# सशक्त नारी की संकल्पना बनाने की गारंटी: धामी

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देश का बच्चा-बच्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का परिवार है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पूरा देश मोदी का परिवार है। लोग मोदी को प्यार कर रहे हैं। मोदी की गारंटी हमारे साथ है। जहां से उम्मीद खत्म होती है, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है। मोदी की गारंटी भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने की गारंटी है। जन-जन के आशीर्वाद से उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना सरकार का लक्ष्य है।

**मोदी ने समझा महिलाओं की परेशानी, बनाया आत्मनिर्भर:** देहरादून में गुरुवार को आयोजित नारी शक्ति महोत्सव में मुख्यमंत्री धामी ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं के बैंक में खाते खुलवाए, जिस कारण वह आत्मनिर्भर बनी। महिलाओं की परेशानी को यदि किसी ने समझा है तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। वहीं राज्य सरकार ने न केवल महिला कल्याण के लिए योजनाएं संचालित की है बल्कि उनकी समय-समय पर समीक्षा भी की जाती है कि योजनाओं का लाभ कितनी महिलाओं को मिल रहा है।

**राज्य निर्माण से लेकर विकसित उत्तराखंड के शब्द को साकार करने में सबका विशेष योगदान:** महिलाओं से मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य निर्माण से लेकर विकसित उत्तराखंड के शब्द को साकार करने में राज्य के लोगों का



**सशक्त**

**जन-जन के आशीर्वाद से उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना सरकार का लक्ष्य**

विशेष योगदान है। राज्य सरकार ने समृद्ध नारी-सशक्त नारी की संकल्पना को साकार करते हुए कई योजनाएं शुरू की हैं।

**धरा के मानचित्र को बदलने का साहस रखती हैं महिलाएं, कौशल की कोई कमी नहीं:** मातृशक्ति धरा के मानचित्र को बदलने का साहस रखती हैं। हमारी भारतीय संस्कृति में नारी को देवी का दर्जा प्राप्त है। मातृशक्ति किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। वो आज हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। दुर्गम गांव में महिलाएं स्वयं सहायता समूह बनाकर दूसरों को भी स्वरोजगार से जोड़ रही हैं क्योंकि मातृशक्ति के पास कौशल की कोई कमी नहीं है।

# 'कॉलेज खुलने से छात्रों को, रोजगार को मिलेगा बढ़ावा'



**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बालसमंद और आसपास के गांवों के लिए बालसमंद में चौ. भजनलाल गवर्नमेंट कॉलेज की बिल्डिंग के निर्माण कार्य का उद्घाटन आदमपुर के विधायक भव्य बिश्नोई की मौजूदगी में वर्चुअल माध्यम से किया। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान गांव बालसमंद में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भव्य बिश्नोई ने कहा कि बालसमंद कॉलेज के लिए कुलदीप बिश्नोई और हम सबने मिलकर लंबा प्रयास किया और हमारा प्रयास रंग लाया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल आदमपुर से जुड़ी हमारी ज्यादातर बड़ी मांगों को न केवल स्वीकार किया, बल्कि सभी बड़े कार्यों के लिए विकास राशि जारी करके उन्हें शुरू भी करवा दिया है। भव्य बिश्नोई ने कहा कि जन-जन के दिलों में बसने वाले पूर्व मुख्यमंत्री युगपुरूष स्व. चौ. भजनलाल के नाम से आज इस कॉलेज का निर्माण कार्य शुरू हो

**शिक्षा पर बल**

**मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया बालसमंद में चौ. भजनलाल गवर्नमेंट कॉलेज के भवन के निर्माण कार्य का शुभारंभ**

रहा है, यह बहुत की गर्व की बात है। चौ. भजनलाल ने अपने कार्यकाल में आदमपुर में एफजीएम कॉलेज का निर्माण करवाया। उस कॉलेज के बनने से आदमपुर व आसपास के गांवों के लोगों को बहुत फायदा मिला। एफजीएम कॉलेज में पढ़ाई करके अनेक छात्र व छात्राएं आज विभिन्न क्षेत्रों में सफलता की ऊंचाईयों को छू रहे हैं। इस चौ. भजनलाल गवर्नमेंट कॉलेज में बिल्डिंग व अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होने पर यहां के छात्र, छात्राओं को तो लाभ होगा ही, आसपास के लोगों को रोजगार भी मिलेगा।